राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण शुक्रवार, 10 जुन 2022 वर्ष-5,अंक-135 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## भाजपा समेत महाराष्ट्र के छह पार्टियों के प्रमुखों को समन जारी करने का निर्देश, गठित जांच आयोग का बड़ा फैसला

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक स्मारक के पास जनवरी 2018 में हुई हिंसा की जांच कर रहे कोरेगांव भीमा आयोग ने एक आवेदन पर शिवसेना, कांग्रेस और भाजपा सहित राज्य के छह राजनीतिक दलों के प्रमुखों को सम्मन जारी करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश एक अर्जी पर दिया गया है जिसमें कहा गया है कि सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों से चर्चा करना जरूरी है जिससे भविष्य में हिंसा की घटनाओं से बचने के उपाय सुझाने में सहायक होगी।



**इन पार्टियों के प्रमुखों को समन जारी करने के निर्देश**

आयोग के अधिवक्ता आशीष सतपुते ने आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जयनारायण पटेल के समक्ष एक अर्जी दी थी जिसमें शिवसेना, भाजपा, वंचित बहुजन आघाड़ी, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रदेश प्रमुखों तथा महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख को समन जारी करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

**जानें समन जारी करने के क्या हैं उद्देश्य**

सतपुते ने अपने पत्र में कहा था कि (एक जनवरी 2018 को हुई) ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा उठाए जाने वाले लघु और दीर्घकालिक उपायों का सुझाव देने के वास्ते उपरोक्त राजनीतिक व्यक्तियों की उपस्थिति आयोग के समक्ष उपयोगी है।

सतपुते ने कहा कि अर्जी को स्वीकार करते हुए आयोग के अध्यक्ष ने राज्य के छह राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को समन जारी करने का निर्देश दिया है। वे व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष पेश हो सकते हैं या उनकी ओर से उनका कोई प्रतिनिधि पेश हो सकता है। सतपुते ने आदेश का हवाला देते हुए कहा आयोग के कार्यालय में 30 जून, 2022 तक एक हलफनामा दाखिल किया जाना है।

## प्रधानमंत्री मोदी और संघ प्रमुख डा. मोहन भागवत की तारीफ करना एक मुस्लिम परिवार को पड़ा महंगा, अपने ही समाज के लोगों ने किया प्रताड़ित

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख डा. मोहन भागवत की तारीफ करना एक मुस्लिम परिवार को भारी पड़ गया है। उन्हें उनके ही समाज के लोगों ने मारा पीटा। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी व्यथा साझा की। शिकारपुरा क्षेत्र निवासी शेख अकबर ने बताया कि उसको उसी के समाज के लोग प्रताड़ित कर रहे हैं। ठेला लगाने वाली उनकी 65 साल की मां से कुछ लोग गत सोमवार को बातचीत कर रहे थे इस दौरान उन्होंने देश के लिए प्रधानमंत्री के योगदान पर उनकी तारीफ कर दी। संघ प्रमुख की तारीफ भी की। इस पर वह लोग नाराज हो गए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि मोहल्ला निवासी अनवर पहलवान और उसके साथियों ने मां की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने अकबर का भाई अनवर पहुंचा तो उसे भी पीट दिया। बुधवार सुबह इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने अनवर पर ब्लेड और राड से हमला कर घायल कर दिया। शिकारपुरा थाने में शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तब उन्होंने हिंदू जागरण मंच के सहयोग से अपनी पीड़ा पुलिस अधीक्षक तक पहुंचाई।

**झोपड़ी से पक्के घर में पहुंचा परिवार**

अकबर ने बताया कि पहले उसका परिवार झोपड़ी में रहता था। रोजगार का कोई ठिकाना नहीं था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे पक्का घर मिलने के साथ ही रोजगार के लिए ऋण भी मिला। इससे उसने आटो खरीद लिया। इस आटो के पीछे उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मोहन भागवत की फोटो भी लगवाई है। इससे उसके समाज के लोग उसे भला बुरा कहते हैं।

## काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में पशुओं की सुरक्षा के लिए असम सरकार का बड़ा कदम, तेज रफ्तार वाहन चलाना अब पड़ेगा महंगा



**गुवाहाटी।** असम सरकार ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में पशुओं की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने उद्यान में तेज रफ्तार गाड़ियों के चलने पर ब्रेक लगाने के लिए एक कड़ा फैसला लिया है। अब जानवरों की सुरक्षा के लिए वहां आने वाले यात्रियों को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के सभी पशु गलियारों में 40 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति सीमा का पालन करना होगा।

**वाहन तेज चलाने पर होगी कार्रवाई**

सरकार ने इस कदम को सही तरह से लागू करने के लिए दण्डात्मक कार्रवाई की भी चेतावनी जारी की है। जानकारी के अनुसार तेज वाहन चलाने पर वाहन चालक को 5000 रुपये प्रति घटना का चालान भुगतना होगा।

## दिल्ली-यूपी सहित इन राज्यों में 2 दिन और रहेगी भीषण गर्मी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई राज्य इन दिनों भीषण हीटवेव से जूझ रहे हैं। दिल्ली के कुछ हिस्सों, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिम राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में लू की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 2 दिन तक कमोबेस ऐसा ही मौसम रहने वाला है। 11 जून से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। उत्तर भारत के कई राज्यों में बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं आंधी के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में आज का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने वाला है, जबकि अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। यूपी के लखनऊ में 9 जून को न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। आसमान में तेज धूप



खिली रहेगी। बिहर के पटना की बात करें तो यहां आज का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। उत्तर भारत के सभी राज्यों में दिनभर तेज धूप रहने और गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक मानसून के पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय रहने और दक्षिण प्रायद्वीप पर कमजोर रहने की संभावना है। सिक्किम, देश के पूर्वोत्तर भाग और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। केरल, तटीय कर्नाटक, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में बारिश की गतिविधि बढ़ सकती है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है।

## दिल्ली के मंडावली थाने के मालखाने में लगी आग, कोई हताहत नहीं, कुछ संपत्ति को पहुंचा नुकसान

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली स्थित मंडावली थाने के मालखाने (भंडार गृह) में रात करीब 10:20 बजे आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

**कोई हताहत नहीं: अतिरिक्त डीसीपी अचिन गर्ग**

पूर्वी जिला के अतिरिक्त डीसीपी अचिन गर्ग ने इस घटना पर जानकारी देते हुए कहा कि आग पर काबू पा लिया है। कोई चोट या हताहत नहीं हुआ है। आग से कुछ संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। इस मामले पर एक जांच शुरू की गई है। अचिन गर्ग ने आगे बताया कि हमें रात 10 बजकर 20 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। कोई हताहत और चोट की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि आग लगने वाली जगह पुलिस स्टेशन का मालखाना है और हम यहां विभिन्न प्रकार की चीजें स्टोर करते हैं। फायर सर्विस ने आग पर काबू पा लिया है। हमारी टीम नुकसान की गणना कर रही है।

**बुधवार शाम लाजपत नगर इलाके में भी लगी थी आग**

बता दें कि बुधवार शाम को भी लाजपत नगर इलाके में एक बेसमेंट के मीटर बोर्ड में आग लग गई। इस दौरान घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही मौके पर 8 दमकल विभाग की



गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान दमकल कर्मियों ने सीढ़ियां लगाकर बिल्डिंग में फंसे 80 लोगों को उतारा गया। बता दें कि मंगलवार देर रात को भी दिल्ली के नार्थ ब्लाक स्थित गृह मंत्रालय के टेलीफोन एक्सचेंज रूम में मंगलवार देर रात करीब 12.18 बजे आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 12:18 बजे, अग्निशमन विभाग को नार्थ ब्लाक, टेलीफोन एक्सचेंज में गृह मंत्रालय का कमरा नंबर 82 ए, बी से आग लगने की सूचना मिली।

## मदुरै के एक मंदिर में आग, वाहनों के साथ दुकानें भी जलकर हुई खाक

**मदुरै।** मदुरै स्थित संतान मरियम्मन मंदिर में बुधवार को आयोजित एक सालाना समारोह के दौरान आग लग गई। इस आग में अस्थायी तौर पर लगे शेड, दुकानें और कई वाहन जल कर खाक हो गए। यह आग पटाखों के कारण लगी थी। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। फायर डिपार्टमेंट की ओर से यह जानकारी दी गई।गर्म हवा के थपेड़ों से अंगीठी में तब्दील हो चुकी सभी फैक्ट्री इस साल भारत के अधिकतर शहरों में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के कारण सबसे अधिक कठिनाई फैक्ट्री के मजदूर झेल रहे हैं। बता दें कि अधिकतर फैक्ट्री में पंखे नहीं होते एयर कंडीशन तो दूर की बात है। रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद में सालों से एक फैब्रिक प्रिंटिंग फैक्ट्री में काम करने वाले ने बताया कि इस बार की गर्मी ने हालत खराब कर दी है। यहां मई में दो हफ्तों से अधिक समय तक तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा इसके बाद थोड़ी राहत मिली। इनका कहना है कि उनकी फैक्ट्री ने अंगीठी का रूप ले लिया है। इनका



कहना है कि फैक्ट्री के मालिक का आफिस एयरकंडीशंड है लेकिन जहां हम काम करते हैं वहां एक पंखा तक नहीं है। इनका कहना है कि गर्मी के कारण छुट्टी लेनी पड़ती है, मजदूरों के पैसे कटते हैं इसलिए कोई विकल्प भी नहीं है। कई भारतीय शहरों का तापमान इस बार सदियों के रिकार्ड तोड़ रहा है।

## बांद्रा पश्चिम के शास्त्री नगर इलाके में दो मंजिला मकान का ढांचा गिरने से 1 व्यक्ति की मौत, 16 लोग घायल

**मुंबई।** मुंबई स्थित बांद्रा पश्चिम के शास्त्री नगर इलाके में 2 मंजिला मकान (जी+2) का ढांचा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। बृहन्मुंबई नगर निगम के मुताबिक, बचाव अभियान जारी है।

मुंबई पुलिस के डीसीपी मंजूनाथ सिंगे ने बताया कि मकान आज (बुधवार) दोपहर करीब 12 बजकर 15 मिनट पर गिर गया जिसकी वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 16 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और सभी सुरक्षित हैं। यह सभी लोग बिहार के मजदूर हैं। डीसीपी के आगे बताया कि रेस्क्यू आपरेशन जारी है। दमकल और अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।





**कुछ लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका**

बीएमसी ने ट्वीट करते हुए कहा कि शास्त्री नगर में मकान ढहने से एक व्यक्ति की दुर्भाग्य से मृत्यु हो गई। हमारे विचार और प्रार्थना उनके परिवार के साथ हैं। 16 लोगों को मामूली चोटें आई है। बीएमसी के अनुसार 3 से लेकर 4 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। बीएमसी ने बताया कि बचाव अभियान जारी है।

## एनआइए ने नक्सल कमांडर हिड़मा पर घोषित किया 25 लाख का इनाम, झीरम घाटी नक्सली हमले सहित कई मामलों का है मास्टरमाइंड

**रायपुर।** एनआइए ने नक्सल कमांडर माडवी हिड़मा पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। बस्तर के झीरम घाटी नक्सली हमले सहित कई मामलों में वह मुख्य आरोपित है। हिड़मा पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) का कमांडर है। वह सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा में सक्रिय है। वहीं, आंध्र प्रदेश के खूंखार नक्सली नंबाला केशव राव उर्फ बसनराज पर 50 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

गौरतलब है कि झीरम घाटी नक्सली हमले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा सहित 32 लोगों की मौत हुई थी। हिड़मा पर पुलिस ने भी 25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। एनआइए ने हिड़मा को सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के पूवर्ती गांव का निवासी बताया है। हिड़मा को संतोष उर्फ इंदमुल उर्फ पोडियाम भीमा जैसे कई नामों से भी जाना जाता है। वह छत्तीसगढ़ पुलिस समेत कई नक्सल प्रभावित राज्यों की पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड नक्सली है।





*एनआइए ने नक्सल कमांडर माडवी हिड़मा पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। बस्तर के झीरम घाटी नक्सली हमले सहित कई मामलों में वह मुख्य आरोपित है। हिड़मा पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) का कमांडर है। वह सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा में सक्रिय है।*

**इन बड़ी वारदात में शामिल था हिड़मा**

एंटी नक्सल आपरेशन के आलाधिकारियों की मानें तो वर्ष 2010 में ताड़मेटला में हुए नक्सली हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों के बलिदान में हिड़मा की अहम भूमिका मानी जाती है। वर्ष 2017 में बुरकापाल में हुए हमले में भी हिड़मा ही मास्टरमाइंड था। इस हमले में 25 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे।

**इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर**

बीते दिनों महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गढ़चिरोली क्षेत्र में दो इनामी माओवादी नक्सलियों ने पुलिस के सामने हथियार डाल समर्पण कर दिया है। दोनों पर छह-छह लाख रुपयों का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करनेवाले दो नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी थी। आत्मसमर्पण के बाद महिला नक्सली ने पुलिस को बताया कि नक्सल समूहों में महिलाओं के साथ होनेवाली जबर्दस्ती, जबरन विवाह, भेदभाव और किसी प्रकार की प्रोन्नति न होने से परेशान होकर उसने आत्मसमर्पण करने का निर्णय किया है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

**सुविचार** पुरुष की सिगरेट से लेकर टायर तक में वह दख़ल देती है। - हरिशंकर परसाई

# संपादकीय

## भारत जैसा कोई और नहीं

(लेखक-डॉ. वेदप्रताप वैदिक)

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य 57 देश हैं। आश्चर्य है कि अभी तक सिर्फ 16 देशों ने ही अपनी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली में हुए पैगंबर-कांड पर शेष मुस्लिम राष्ट्र अभी तक क्या विचार कर रहे हैं, कुछ पता नहीं। शायद वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर भाजपा प्रवक्ता ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में वास्तव में कहा क्या है? जो कुछ टीवी चैनल पर कहा गया है और बाद में टवीट किया गया है, उसे पूरी तरह से हटा लिया गया है। इसीलिए अब उसके विरुद्ध जो कुछ भी कहा जाएगा, वह किसी अन्य स्त्रोत से जानकर कहा जाएगा। यह भारत-विरोधी अभियान अब वैसे ही चलेगा, जैसे कि अफवाहों के दम पर कई अभियान चला करते है। भारत सरकार के प्रवक्ता और हमारे राजदूतों ने सभी देशों को आगाह कर दिया है कि भारत सरकार का इस तरह के निरंकुश बयानों से कुछ लेना-देना नहीं है लेकिन दुनिया के सभी इस्लामी देशों में भारत को बदनाम करने का अभियान अभी जोरों से चलता रहेगा। भारत सरकार इसकी काट करती रहेगी लेकिन उसको इससे डरने की कोई जरुरत नहीं है। यदि कोई देश भारत से संबंध तोड़ता है तो उससे भारत का नुकसान जरुर होगा लेकिन उस देश का नुकसान भारत से कहीं ज्यादा होगा। अंतरराष्ट्रीय संबंध कभी भी एकतरफा नहीं होते। जहां तक मोदी सरकार का सवाल है, उसने इस्लामी राष्ट्रों के साथ अपने संबंध काफी घनिष्ट बनाए हैं। यदि मोदी खुद भी एक बयान जारी करके इस्लामी राष्ट्रों की समझ को ठीक कर दें तो इसमें कोई बुराई नहीं है। जैसे उन राष्ट्रों ने भारत का विरोध करके एक औपचारिकता निभाई है, वैसे ही मोदी भी कूटनीतिक औपचारिकता निभा सकते हैं। इस मामले को लेकर कानपुर में जरुर तोड़-फोड़ हुई है लेकिन देश के हिंदुओं और मुसलमानों ने काफी संयम का परिचय दिया है। शिवलिंग और पैगंबर के बारे में कही गई आपत्तिजनक बातों को उन्होंने अपने जी से नहीं लगाया और वे सारा तमाशा भौंचक होकर देख रहे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं के भड़काने का कोई खास असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि देश के 89 प्रतिशत हिंदु और 85 प्रतिशत मुसलमान किसी भी अन्य धर्म के लोगों को ठेस पहुंचाने के विरुद्ध हैं। जो 10-15 प्रतिशत लोग ऐसा नहीं मानते, उनका कहना है कि किसी को भी अच्छा लगे या बुरा, सच तो सच है। उसे बोलने और लिखने की आजादी सबको मिलनी चाहिए। मैं भी इस बात को मानता हूं लेकिन जो बुरा लगे, वह बोलकर आप किसका भला करते हैं? आपकी अच्छी बात का भी असर तो अच्छा नहीं होगा। इसीलिए जो कुछ भी बोला जाए, वह सच तो हो लेकिन प्रिय भी हो। इसे ही सत्यं ब्रूयात्, प्रियं ब्रूयात् कहा गया है। झूठ मत बोलो। हमेशा सच बोलो लेकिन वह कटु न हो, यह भी जरुरी है। भारत के ज्यादातर लोग इसी बात में विश्वास करते हैं। इसीलिए यहां दर्जनों देशी और विदेशी धर्म और संप्रदाय सैकड़ों वर्षों से फल-फूल रहे हैं। क्या दुनिया का कोई अन्य देश ऐसा है, जिसमें इतनी विविधता हो और उसके साथ-साथ इतनी सहिष्णुता भी हो? इस अनन्य भारतीय संस्कार का ही परिणाम है कि भारत के मुसलमान, ईसाई, यहूदी, अहमदिया और बहाई लोग अपने विदेशी स्वधर्मियों के मुकाबले अधिक उदार, अधिक भक्तिमय और अधिक मानवीय हैं।

## आज के कार्टुन




## आध्यात्मिकता

श्रीराम शर्मा आचार्य

मित्रो! हमने दीपक जलाया और कहा कि ए दीपक! जल और हमको भी सिखा। ए कम हैसियत वाले दीपक, एक कानी कौड़ी की बत्ती वाले दीपक, एक छटांक भर तेल लिए दीपक, एक मिट्टी की ठीकर में पड़े हुए दीपक! तू अंधकार में प्रकाश उत्पन्न कर सकता है। मेरे जप से तेरा संग ज्यादा कीमती है। तेरे प्रकाश से मेरी जीवात्मा प्रकाशवान हो, जिसके साथ में खुशियों के इस विवेक को मूर्तिवान बना सकूं। हमारे शास्त्रों में बताया गया है 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'। ए दीपक! हमने तुझे इसलिए जलाया है कि तू हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चले। तमसो मा ज्योतिर्गमय अंतरात्मा की भूली हुई पुकार को हमारा अंतःकरण श्रवण कर सके और इसके अनुसार हम अपने जीवन को प्रकाशवान बना सकें। अपने मस्तिष्क को प्रकाशवान बना सकें। दरअसल, दीपक जलाने का यही उद्देश्य होता है। सिर्फ भावना का ही दीपक जलाना होता, तो भावना कहती कि दीपक जला लीजिए तो वही बात है, मशाल जला लीजिए तो वही बात है, आग जला लीजिए तो वही बात है। स्टोव को जला लीजिए, बड़ी वाली अंगीठी, अलाव जलाकर रख दीजिए। तो सवाल पैदा होता है कि इससे क्या बनने वाला है, और क्या बिगड़ने वाला है? आग जलाने से भगवान का क्या नुकसान है, और दीपक जलाने से भगवान का क्या बनता है? अतः ए दीपक! तू हमें अपनी भावना का उद्घोष करने दे। भावना से किए गए हमारे उपक्रम को तेरी प्रशस्ति मिले तो यकीनन हमारे प्रयास सद्प्रयास कहलाएंगे। कहलाएंगे ही नहीं, बल्कि सद्प्रयास ही होंगे। साथियो! हम भगवान के चरणारविन्द पर फूल चढ़ाते हैं। हम खिला हुआ फूल, हंसता-खिलखिलाता हुआ फूल, सुगंध से भरा हुआ फूल, रंग-बिरंगा फूल और मुस्कुराता हुआ प्रफुल्लित फूल ले आते हैं। कह सकते हैं कि ऐसे फूल में में हमारी जवानी थिरक रही है, और हमारा जीवन थिरक रहा होता है। हमारी योग्यताएं और प्रतिभाएं थिरक रही होती हैं। हमारी भावनाएं थिरक रही होती हैं। हमारा हृदयकंद कैसे सुंदर फूल जैसे है। उसे जहां कहीं भी रख देंगे, जहां कहीं भी भेज देंगे, वहीं स्वागत होगा। उसे कुटुम्बियों को भेज देंगे, तो वे खुश। जब लड़का कमा कर लाता है। आठ सौ पचास रु पये कमाने वाला इंजीनियर पैसा देता है, तो सोफा सेट बनते चले जाते हैं। माया घर में आती चली जाती है।

# जीते जी किंवदंती थे किंग काहलों

गुरबचन जगत

फरवरी 1997 में बतौर पुलिस महानिदेशक जम्मू-कश्मीर में ओहदा संभालने के तुरंत बाद हम स्थिति का जायजा लेने हेतु शरदकालीन राजधानी जम्मू से कश्मीर घाटी की ओर उड़ान भर रहे थे। मैंने हजरत बल इबादतगाह और श्रीनगर स्थित गुरुद्वारा छठी पातशाही में भी अकीदत पेश की। हम हैलीकॉप्टर से गए, वह एकल इंजन और चार सीट वाला था और पायलट थे जेएस काहलों, वे राज्य के सिविल एविएशन डिपार्टमेंट के मुखिया भी थे। जम्मू से वापस आते वक्त, पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला पार करने के बाद मैंने महसूस किया कि हैलीकॉप्टर उड़ान-पथ से हटते हुए पहाड़ी की ढलान पर बने एक भवन-समूह की ओर जाने लगा है। इससे पहले कि मैं दरियाफ्त करता हम लोग एक भवन की छत पर उतर चुके थे। काहलों ने हमें जल्द से उतरने और माता वैष्णों देवी के दर्शन कर वापस आने को कहा। काहलों ने हैलीकॉप्टर ऐन गुफा के सामने उतारा था और इंजन चालू रखा, हम दोनों दर्शन के लिए भागे, शीश नवाया और दौड़ते हुए पुनः हैलीकॉप्टर में आन पंहुचे, जो फिर जम्मू की ओर रवाना हुआ। मैं इस किस्म के दुस्साहस और नियम-तोड़ने पर विस्मित था पर काहलों ने जोर देकर कहा कि मेरे कार्यकाल की सफलता के लिए यह करना जरूरी था। अलबत्ता इसके बाद धर्मस्थल प्रबंधकों ने काहलों को हतोत्साहित करने के लिए आंगन में एक बड़ा सा पत्थर रखवा दिया था! तो इस तरह मेरी उस व्यक्ति से मुलाकात हुई जो अपने पूर्व वायुसेना सहयोगियों और सिविल पायलटों के लिए जीते-जी किंवदंती था- किंग काहलों, शौर्य चक्र विजेता। जितनी मर्तबा काहलों से साथ उड़े, एक नया अनुभव था और यह जानने को मिला कि क्यों वे किंग कहे जाते हैं। आम दिनों में भी पीर पंजाल के ऊपर उड़ान भरते वक्त हमें काले बादलों का आवरण दिखता और बहुत दफा मैंने उनको वापस लौटने की सलाह दी - लेकिन कोई फायदा नहीं। काहलों यहां-वहां तबतक हैलीकॉप्टर मंडराते हुए मौका ताड़ते जबतक कि बादलों के बीच पतली गलीनुमा रास्ता न मिल जाए, जिससे होकर हम गुजरते और पार होने पर मैं रोकी हुई सांस छोड़ता! कुछ मौकों पर हम कारगिल और लद्दाख गए। वहां जाते वक्त साथ में ऑक्सीजन सिलेंडर रखना अनिवार्य था, जिन्हें 8000 फुट की ऊंचाई के बाद इस्तेमाल किया जाता है - पर जब काहलों साथ हों तो सिलेंडर कभी-कभार ही नमूदार होते और अक्सर हम झंसकार दर्रे के ऊपर से होकर उड़ान भरते। पहाड़ी की चोटियों के पास हवा का घनत्व महीन होता है, इसलिए दोपहर से पहले इन्हें पार करना जरूरी है। एक मर्तबा हमें देर हो गई और हमेशा की तरह मैंने काहलों से लौटने की इल्तिजा की, लेकिन वे हैलीकॉप्टर ऊपर उठाते गए जबतक कि मैंने महसूस किया कि क्रॉस विंड के कारण हैलीकॉप्टर मानो एक जगह ठिठक गया हो। मैंने उनकी ओर देखा जबकि वे नियंत्रण पाने में व्यस्त थे जबतक कि बगल से आता हवा-दबाव न मिल जाए। अचानक उन्होंने हैलीकॉप्टर से ऐसे कुलांच लगवाई जैसे शो-जंपिंग में घुड़सवार करता है और क्षणभर में हम दर्रे से पार थे - यह थे काहलों - एक बेहतरीन, कुशलतम पायलट, जो इंसान और मशीन को आखिरी हदों तक विस्तार देने में महारत रखते थे। किंग काहलों के साथ आम उड़ानें भी बोझिल नहीं हुआ करती थीं, पूरे समय रब को याद करना पड़ता! वे इलाके के चप्पे-चप्पे से वाकिफ थे और असाधारण चीज़ों के लिए उनकी आंख बहुत तेज़ थी। एक दिन पहाड़ों के ऊपर उड़ान भरते समय, धीरे-धीरे नीचे आने लगे और मुझे तीन-चार लोगों का सशस्त्र समूह दिखाकर पूरे यकीन से कहा कि आतंकी हैं, हमने यह सूचना तुरंत संबंधित क्षेत्राधिकारी को प्रेषित कर दी, हालांकि उस दुरूह जगह पंहुचना आसान नहीं था। पर काहलों की इस तरह की सतर्कता ने मेरे जम्मू-कश्मीर आने से पहले भी एक साहसिक राहत अभियान में मदद की थी। हुआ यूं कि विदेशियों के एक समूह को आतंकियों ने पहलगाम के पास से अगवा कर लिया था। बहुत बड़े खोज-अभियान के बावजूद सफलता नहीं मिली। एक दिन किंग काहलों उड़ान पर थे, उन्होंने गौर किया कि एक व्यक्ति चट्टान के किनारे पर रेंगकर चढ़ने में संघर्षरत है, उन्होंने हवा में मंडराते हुए पाया कि विदेशी है, तुरंत उतरने की माकूल जगह तलाशी और पहाड़ से उभरी एक छोटी सी जगह पर हैलीकॉप्टर लैंड कर दिया, लैंडिंग नाज़ुक थी लेकिन उन्होंने किसी तरह की। वह व्यक्ति बचा लिया गया - सुनने में कितना आसान लगता है, लेकिन यह न केवल उनके उड़ान कौशल का बल्कि सतर्क और सूक्ष्म दृष्टि का भी द्योतक है। ले. जनरल सकलानी (राज्यपाल के तत्कालीन सलाहकार) भी उस वक्त साथ थे। यह एक अति दुस्साहसिक बचाव अभियान रहा जो आतंकियों से बच निकलने वाले की जीवटता और पायलट के व्यावसायिक कौशल का सम्मिश्रण था, दोनों श्लाघा के पात्र हैं- पर फिर हैलीकॉप्टर उड़ा कौन रहा था, किंग काहलों। ऐसे मौके भी आए जब काहलों ने मौत को चकमा दिया। एक बार जब श्रीनगर की डल झील के ऊपर उड़ रहे थे कि हैलीकॉप्टर पत्थर की मानिंद पानी में जा गिरा- शायद इंजन फेल हो गया था। फिर भी किंग काहलों और उनके सहयात्री जिंदा निकल आए। फिर एक मर्तबा मेरे कार्यकाल के दौरान जब वे कुछ पर्यटकों को, शायद फ्रांसिसी, स्कीइंग के लिए ऊंची चोटियों पर ले जा रहे थे, कुछ को उतार बाकियों को लाने के लिए फिर आते, एक फेरी में इंजन फेल हो गया और हैलीकॉप्टर बहुत गहरे खड्ड में जा गिरा। आरंभिक सूचना के मुताबिक लगा कि अब क्या बचा होगा, फिर भी टोही-राहत उड़ानें भेजी गईं और एक चमत्कार हुआ ः किंग काहलों और पर्यटक जिंदा थे और हिल-डुल रहे थे। उन्हें तो बचा लिया गया। इस बिंदु पर अगर पाठक पूछें कि उनके इस किस्म के दुस्साहसों को आखिर इतने लंबे समय तक जारी कैसे रहने दिया गया तो इसका छोटा-सा उत्तर है : उनके नियोक्ता यानि सूबे के मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला, जो अपने आप में एक अति दुस्साहसिक शख्सियत हैं और हद दर्जे के जोखिम उठा लेते हैं। वे सूबे के इंच-इंच से वाकिफ हैं और उड़ते वक्त भी एक-एक गांव का नाम और इलाके की जानकारी मुंह जुबानी याद है, यहां तक कि इस मामले में किंग काहलों भी उनके सानी नहीं थे। एक बार हम उच्च मार्ग के साथ-साथ जम्मू में उड़ान भर रहे थे जब किंग को वह ढाबा नजर आया जहां कभी वे दोनों रुके थे। फिर क्या था सड़क किनारे हैलीकॉप्टर उतारा गया। ढाबा मालिक दौड़ा आया और डॉक्टर अब्दुल्ला को गले लगाया। फिर जल्द ही गरमागर्म मसाला चाय के मग और पकौड़े आ गए (बिना कहे)। गुजरती गाड़ियों वालों को जब पता चला कि डॉक्टर अब्दुल्ला हैं तो मजमा लग गया, छोटी सार्वजनिक सभा में तब्दील हो गया और मुख्यमंत्री साहब ने धुंआदार भाषण दिया! आखिर शाम ढलने को हुई और कंट्रोल रूम से सकुशलता को लेकर संदेश आने लगे, उन्हें हमारी लोकेशन का पता नहीं था, हम वापस उड़ चले। डॉक्टर अब्दुल्ला के ऐसे बहुत से किस्से हैं और यह अपने लोगों से जुड़े रहने का अपना तरीका है। उनका अलमस्त व्यक्तित्व अभिजात्यता और आम आदमी वाली जिंदगी का रोचक मिश्रण है। इसी तरह कारगिल युद्ध के आरंभिक दिनों में हम अग्रिम मोर्चे से लौट रहे थे और देर हो रही थी। मुख्यमंत्री ने सोनमर्ग के पास बड़ी संख्या में एकत्र लोगों का समूह देख लिया। लैंडिंग की गई और पाया कि वे फौजी हैं, जिन्हें अभी-अभी लाया गया था। वे रुड़की से आए थे। सिकोड़ कर रख देने वाली सर्दी थी और उन्होंने अभी भी गर्मी वाली वर्दी पहन रखी थी। मुख्यमंत्री ने जवानों और अफसरों से बातचीत शुरू की, क्योंकि मनोबल बढ़ाने के लिए उस वक्त यही कर सकते थे। मुख्यालय वापस आने पर इस विषय पर बैठक ली कि हम जवानों की कार्यस्थिति को और आरामदायक बनाने के लिए क्या-क्या कर सकते हैं, हम एक युद्ध लड़ रहे हैं और फौज सीमा पर तो पुलिस और अर्ध-सैनिक बल बाकी जगह डटे हैं, ऐसे में सबका ध्यान जरूरी है। उस वक्त समूचा प्रशासनिक तंत्र इसलिए परिणाम दे पाया क्योंकि हमारी पीठ पर केंद्र में बैठे प्रधानमंत्री वाजपेयी और राज्य में मुख्यमंत्री अब्दुल्ला का हाथ था। जिसने बलों की जोखिम उठाने और आक्रामकता की क्षमता एवं सक्रियता बनाई थी।



# जन सहयोग से राष्ट्रव्यापी मुहिम चले

अनिल गुप्ता 'तरावड़ी'

यह संयोग ही है कि हाल ही में दो राज्यों में भ्रष्टाचार के मामलों में कथित संलिप्तता के चलते दो स्वास्थ्य मंत्रियों पर कार्रवाई की गई और कदाचार के मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। यह भी संयोग ही है कि दोनों राज्यों पंजाब और दिल्ली में आप की ही सरकार है। विडंबना ही है कि आम आदमी के सरोकारों के नाम पर सत्ता में आई सरकारें ही भ्रष्टाचार की दलदल में धंसी नजर आ रही हैं। निस्संदेह इन कार्रवाइयों के पीछे राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। जहां पंजाब में आनन-फानन में ही आप सरकार ने अपने स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करके आसन्न हिमाचल व गुजरात विधानसभा चुनाव के निहितार्थ यह संदेश देने का प्रयास किया कि आप भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस रखती है। यहां तक कि अपने स्वास्थ्य मंत्री तक को नहीं बख्शती है। वहीं केंद्र सरकार ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पर ईडी के जरिये कार्रवाई करके राजनीतिक संदेश देना चाहा कि आप की दिल्ली सरकार के मंत्री भी भ्रष्टाचार की दलदल में धंसे हैं। वैसे पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार के आरोप में मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा गिरफ्तार करना एक बड़ी बात है। पहले भी पिछली सरकारों में तमाम मंत्रियों पर भ्रष्टाचार व अन्य गम्भीर आरोप लगे थे परन्तु इतनी तुरत-फुरत कार्रवाई किसी भी राजनीतिक दल द्वारा नहीं की गई थी। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर काम के साथ दिल्ली की आप सरकार ने मोदी के गुजरात मॉडल के सामने केजरीवाल मॉडल को दिल्ली की आम जनता के सामने प्रस्तुत किया। विगत में राजनीतिक दल बदनामी के डर से दागी मंत्री को बचाने में लग जाते रहे हैं। लेकिन जब ये मुद्दा मीडिया में बहुत उछल जाता तो राजनीतिक दल पार्टी की छवि की हानि से बचने के लिए उस मंत्री का इस्तीफा लेते। फिर एक जांच बैठा दी जाती जो कई वर्षों तक चलती व इसका परिणाम ज़ीरो ही निकलता। इस प्रक्रिया में मंत्री बच जाता है। विगत में पंजाब का भ्रष्टाचार के मामले में रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। ड्रग्स, माइनिंग, हथियार व अन्य गैर कानूनी धंधों में मंत्रियों की गहरी भूमिका पाई गई है। पंजाब के बड़े-बड़े पुराने नेता ऐसे आरोपों के बाद धराशाई हो गए हैं। ठेका लेने में अधिकारियों व मंत्रियों की आपस में सांठगांठ के आरोप लगते हैं। कमीशनबाजी देश की आजादी के बाद से ही खूब चल रही है जिसका प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जा रहा है। एक ठेकेदार द्वारा हिम्मत करके मुख्यमंत्री को शिकायत करना व मुख्यमंत्री द्वारा कार्रवाई करना भारतीय राजनीतिक इतिहास की गिनी-चुनी घटनाएं हैं। भ्रष्टाचार राजनीति का पर्याय हो चुका है। आजादी के के बाद पहला भ्रष्टाचार का केस 1948 में जीप घोटाले के रूप में सामने आया था। उसके बाद तो भ्रष्टाचार के सैकड़ों मामले सामने आये। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कई सरकारों को जाना पड़ा व मुख्यमंत्री व मंत्रियों को जेल तक हुई। बोफोर्स मुद्दे के कारण राजीव गांधी सरकार को सत्ता गंवानी पड़ी थी। जयललिता, लालू यादव व ओमप्रकाश चौटाला जो कि पूर्व मुख्यमंत्री रहे, उनको भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खानी पड़ी। भ्रष्टाचार के आरोप यूपीए-2 सरकार के दौरान भी लगे। अच्छी बात है कि वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार में किसी बड़े घोटाले की गूंज सुनाई नहीं दी। लेकिन अभी भी बड़े अधिकारियों व कर्मचारियों पर नकेल कसने की जरूरत है। हाल ही में महाराष्ट्र, झारखंड व कुछ अन्य प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र में दो मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल की हवा खा चुके हैं। झारखंड में एक आईएएस अधिकारी द्वारा करोड़ों का भ्रष्टाचार करना व उसके राजनीतिक संरक्षण पर गंभीर प्रश्न उठाता है। आजकल राजनीतिक पार्टियों द्वारा विधायक -सांसदों की टिकटों को पैसे लेकर दिये जाने के मामलों की भी चर्चा है। जब कोई नेता पैसे से टिकट खरीदेगा व चुनाव में करोड़ों रुपये लगायेगा तो वह निश्चित रूप से भ्रष्टाचार द्वारा पैसा कमायेगा। जनता भी ऐसे लोगों को वोट न दे।



## सू-दोकू नवताल - 2137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | | 7 |
| 5 | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| | | 8 | | 1 | | | | |
| 8 | 2 | | | | | 5 | | 6 |
| 3 | | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | | 9 |
| 1 | | 7 | | | | | 3 | 4 |
| | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | 7 | 2 | | | 9 | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

### सू-दोकू 2136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 9 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 x 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली- 2137



### बायें से दायें:-

1. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-2
2. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-2,3
6. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-2
7. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-3
8. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-2
10. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-3
11. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-3
14. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-2,2
16. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-2
17. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-3
19. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-3,2
23. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-3
24. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-3
25. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-2
26. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-4
27. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-2,2

### ऊपर से नीचे:-

1. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-3
2. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-2,3
3. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-3
4. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-2,2
5. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-3
9. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-2
12. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-3
13. किशोर कुमार, चॉद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-3
14. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-2
15. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-3
18. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-2
19. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-2
20. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-3
21. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-2,2
22. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-4
23. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-3

### फिल्म वर्ग पहेली- 2136

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ई | मि | ल | न | की | बे | ला | | शा |
| गा | | ल | | र्गि | | ना | | मि | ली |
| ज | मी | न | | स | न | म | | | मा |
| | ना | | सु | | गी | | पिं | ज | र |
| ज | | प | र | वा | न | | | ह्ला | |
| ग | द | र | | स्त | | दो | ब | द | न |
| ल | | ख | | व | ध | | ल | | व |
| | क | | ना | | न | ग | मा | | रं |
| श | ह | जा | दा | | वा | | | रं | ग |
| | र | | न | या | न | शा | | भा | |



## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपये में गिरावट दर्ज की गयी है। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 77.76 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर खिसक गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से लगातार पूंजी निकासी से रुपये में यह गिरावट आयी है। वहीं इससे पहले सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 77.74 पर कमजोर खुला। दिन भर के कारोबार में यह 77.81 के अबतक के सबसे निचले स्तर पर खिसक गया और अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 77.76 प्रति डॉलर पर पहुंचा। वहीं पिछले, कारोबारी सत्र में रुपया अपने चले स्तर से उबरता हुआ 10 पैसे की तेजी के साथ ही 77.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वहीं इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की स्थिति को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी घटकर 102.48 रह गया।

## सीआईएल ने 24.16 लाख टन कोयला आयात की पहली निविदा जारी की

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सीआईएल ने देश में बिजली संयंत्रों को ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 24.16 लाख टन कोयले का आयात करने के लिए पहली निविदा जारी की है। अप्रैल में जीवाश्म ईंधन की कमी के कारण हुई बिजली कटौती की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सरकार द्वारा कोयले का भंडार बनाने के लिए सभी प्रयास करने के मद्देनजर यह विकास महत्वपूर्ण है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पहली बार कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली ई-निविदा जारी की, जिसमें 24.16 लाख टन कोयले के आयात के लिए बोलियां मांगी गईं।

## मई में चीन की कारोबारी गतिविधियों में आया सुधार

**बीजिंग ।** शंघाई और अन्य औद्योगिक केंद्रों में कोविड-19 महामारी पर काबू पाने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों में राहत के बाद चीन की कारोबारी गतिविधियों में सुधार हुआ है। जानकारी के मुतो` बिक एक एजेंसी के बयान में कहा कि मई में निर्यात एक साल पहले की तुलना में 16.9 प्रतिशत बढ़कर 308.3 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह आंकड़ा अप्रैल में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में आयात 4.1 फीसदी बढ़कर 229.5 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल में इसमें 0.7 फीसदी की तेजी हुई थी। उपभोक्ता मांग कम होने की वजह से आयात में वृद्धि अभी भी कमजोर है। इसी तरह कमजोर वैश्विक मांग के चलते निर्यात के मोर्चे पर चुनौतियां बनी हुई हैं।

## कैमरा खंड अगले दो वर्षों में राजस्व बढ़ाने में योगदान देगा: फुजीफिल्म

**नई दिल्ली ।** फुजीफिल्म को चालू वित्त वर्ष (2022-23) में उसके भारतीय कारोबार से दो अंकों की वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि इस दौरान स्वास्थ्य और उपभोक्ता कारोबार का प्रदर्शन मजबूत रहेगा। फुजीफिल्म इंडिया अपने कैमरा व्यवसाय के विस्तार के हिस्से के रूप में अपनी लोकप्रिय इंस्टैक्स श्रृंखला में नए मॉडल पेश कर रहा है। उसे उम्मीद कि स्वास्थ्य सेवा विभाग के अलावा कैमरा खंड अगले दो वर्षों में राजस्व को बढ़ाने में दूसरा सबसे बड़ा योगदान करेगा। कंपनी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों चैनलों में इंस्टैक्स श्रृंखला की खुदरा उपस्थिति का विस्तार कर रही है। कंपनी को उम्मीद है कि यह कैमरा मौजूदा 500 स्थानों से बढ़कर इस साल के ओ खिर तक लगभग 2,000 स्थानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। फुजीफिल्म के एक अे धिकारी ने कहा कि कुल मिलाकर कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 में अच्छी बढ़त हासिल की है। पूर्व-कोविड अवधि की तुलना में इसने अपने कारोबार में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में यह बढ़त दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयरों में जमकर हुई खरीददारी से आई है। इसी के साथ ही पिछले चार सत्र से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.79 अंक करीब 0.78 फीसदी ऊपर आकर 55,320.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 121.85 अंक तकरीबन 0.74 फीसदी अंकों की बढ़त के साथ ही 16,478.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में डॉ रेड्डीज का शेयर सबसे अधिक तीन फीसदी ऊपर आया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए जबकि टाटा स्टील, एनटीपीसी, एसबीआइ और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट रही।

कारोबार में ड्रेडीडी, रिलायंस, भारती एयरटेल, टेकिम और सनफार्मा के शेयर ऊपर आये। वहीं टाटा स्टील , एनटीपसी, अल्ट्रामैको और बजाज फाइनेंट से शेयर ऊपर गिरे हैं। वहीं गत कारोबारी दिवस बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नीचे आये जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। वहीं यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था।






## सोने, चांदी में तेजी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। सोना 133 रुपये की तेजी के साथ ही 50,907 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,774 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर चांदी की कीमत भी 273 रुपये बढ़कर 61,535 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 61,262 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मामूली गिरावट के साथ ही 1,850 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी का भाव 21.95 डॉलर प्रति औंस पर बना रहा।

## डालमिया सीमेंट विनिर्माण क्षमता बढ़ाने की तैयारी में

### 9,000 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी व्यय करेगी

**मुंबई ।** डालमिया भारत लिमिटेड सीमेंट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने को लेकर अगले कुछ साल में 9,000 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी व्यय करेगी। कंपनी ने कहा कि बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्रों पर सरकार का जोर सीमेंट उद्योग के लिए 'उम्मीद' पैदा करता है। डालमिया भारत लिमिटेड की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, बजट में सरकार के लगातार पूंजीगत व्यय में वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और आवास क्षेत्र के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता से देश में सीमेंट की मांग बढ़ने की उम्मीद है। डालमिया भारत ने कहा, एक मजबूत भारत के निर्माण के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप हम अगले कुछ साल में 9,000 करोड़ रुपये से अधिक के पूंजी व्यय के लिए प्रतिबद्ध है। हम लक्ष्य के अनुसार क्षमता वृद्धि हासिल करने के लिए नई परियोजनाओं में निवेश के साथ अपने मौजूदा संयंत्रों में कामकाज को सुगम बनाने के लिए बाधाओं को दूर करने को लेकर काम कर रहे हैं।' डालमिया भारत की सीमेंट उत्पादन क्षमता 3.59 करोड़ टन सालाना है। इसका लक्ष्य अगले वित्त वर्ष 2023-24 में इसे बढ़ाकर 4.85 करोड़ टन सालाना उत्पादन क्षमता करना है। कंपनी को अगले दशक में क्षमता बढ़कर लगभग 11 से 13 करोड़ टन सालाना होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, ÷हम 2024 तक 4.85 करोड़ टन सालाना उत्पादन क्षमता और 2030 तक 13 करोड़ टन उत्पादन क्षमता हासिल करने को लेकर चालू वित्त वर्ष के दौरान 1,988 करोड़ रुपये पूंजी व्यय करने वाले हैं। डालमिया भारत के प्रबंध निदेशक गौतम और पुनीत डालमिया ने कहा, कोरोना महामारी के कारण प्रभावित भारतीय अर्थव्यवस्था में अब तेजी से पुनरूद्धार हो रहा है।

# एलआईसी के निवेशकों को अब तक लगा 1.4 लाख करोड़ रुपये का चूना

### शेयर ने 720.10 रुपये का रिकॉर्ड निचला स्तर बनाया

**मुंबई ।**

गुरुवार को शेयर बाजार नीचे खुले जरूर, लेकिन बंद होने तक जबरदस्त रिकवरी दिखाई। निफ्टी 120 अंक बढ़ा, सेंसेक्स भी 400 अंकों से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार के सकारात्मक होने के बाद भी एलआईसी के शेयर की कीमत ने नया लो बनाया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर गुरुवार को एलआईसी के शेयर ने 720.10 रुपये का रिकॉर्ड निचला स्तर बना लिया है। गुरुवार के 729.90 रुपये पर खुलने के बाद मार्केट बंद होने यह दबाव में ही दिखा। हर बीतते दिन के साथ निवेशकों का घाटा बढ़ता जा रहा है। एलआईसी में निवेश करने वालों को अभी तक 1.4 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम नुकसान हो चुका है। इसका मार्केट कैप 4.6 लाख करोड़ रुपये रह गया है। जब एलआईसी का आईपीओ लांच हुआ था, तब इस 6 लाख करोड़ रुपये आंका गया था। कहा जा सकता है कि ये अपने निवेशकों की एक-चौथाई पूंजी खत्म कर चुका है। बाजार जानकारों ने कहा कि भारत में इंश्योरेंस सेक्टर की ग्रोथ अभी बाकी है। भारत अभी भी प्राथमिक चरण में ही है। एलआईसी के पास अपने विरोधियों के मुकाबले कई लाभ हैं। इसकी ब्रांड वैल्यू काफी मजबूत है। इसके एजेंट्स का नेटवर्क तगड़ा है, और अच्छा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क है। लंबे समय के लिए स्टॉक में पैसा लगाने वाले निवेशक इस वर्तमान कीमत पर खरीद सकते हैं और बाय ऑन डिप (हर गिरावट में खरीदना) की रणनीति अपना सकते हैं। बात दें कि एलआईसी देश का सबसे बड़ा आईपीओ लेकर आई थी और यह करीब 3 गुना तक सब्सक्राइब हुआ था। इसका इश्यू प्राइस 949 रुपये था। पॉलिसी होल्डर्स, रिटेल निवेशकों, और कंपनी के कर्मचारियों को विशेष छूट दी गई थी। इस छूट के बाद भी पहले ही दिन यह अपने इश्यू प्राइस से नीचे लिस्ट हुआ और फिर कभी इश्यू प्राइस छोड़िए, अपने लिस्टिंग प्राइस से ऊपर भी नहीं जा पाया। एलआईसी ने कुछ दिन पहले मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने बताया कि मार्च 2022 तिमाही में उसका कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17 फीसदी घटकर 2,410 करोड़ रुपये रहा। हालांकि इस दौरान एलआईसी के नेट प्रीमियम में बढ़ोतरी हुई और यह 17.9 फीसदी बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये रहा। कुछ लोग इस भी गिरावट का कारण मान रहे हैं।




# निजी उपयोग के लिए उद्यमों को स्पेक्ट्रम आवंटित करने का औचित्य नहीं: सीओएआई

**नई दिल्ली ।**

उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने कहा कि निजी कैप्टिव नेटवर्क के संचालन के लिए उद्यमों को सीधे स्पेक्ट्रम आवंटित करने का कोई औचित्य नहीं है। सीओएआई ने यह भी कहा कि लाइसेंस प्राप्त दूरसंचार कंपनियां निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी और लागत प्रभावी समाधान देने में सक्षम हैं। कैप्टिव नेटवर्क से आशय कंपनियों के ऐसे दूरसंचार नेटवर्क से है, जो उनके निजी उपयोग लिए हो। सीओएआई के सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया शामिल हैं। उद्योग निकाय की टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दूरसंचार परिचालक और प्रौद्योगिकी कंपनियां 5जी स्पेक्ट्रम आवंटन और कैप्टिव निजी नेटवर्क की बहस को लेकर उलझी हुई हैं। निजी उद्यमों ने दावा किया है कि दूरसंचार कंपनियों पर निर्भरता के बिना कैप्टिव नेटवर्क के निर्माण के लिए सीधे स्पेक्ट्रम देने से डिजिटल एजेंडा में तेजी आएगी। हालांकि सीओएआई ने इस तर्क को खारिज करते हुए 5जी प्राइवेट नेटवर्क पर अपने स्थिति पत्र में सरकार से आग्रह किया है कि निजी कैप्टिव नेटवर्क पर ऐसे किसी भी स्पेक्ट्रम को आरक्षित या डी-लाइसेंस नहीं करना चाहिए, जिसकी पहचान मोबाइल सेवाओं के उपयोग के लिए की गई है। सीओएआई ने कहा कि ऐसा करने से सरकारी खजाने की कीमत पर निजी वाणिज्यिक संस्थाओं को अनुचित लाभ मिलेगा। उद्योग निकाय ने यह भी कहा कि इससे बुनियादी नीतियों में मनमानी को बढ़ावा मिलेगा, जो नेटवर्क में निवेश को हतोत्साहित करेगा तथा सरकारी खजाने की कीमत पर निजी वाणिज्यिक संस्थाओं को अनुचित लाभ मिलेगा।




## आकाश एयर का पांच बोइंग 737 की बिक्री, लीजबैक के लिए ग्रिफिन से समझौता

**नई दिल्ली ।** आकाश एयर ने पांच बोइंग 737 मैक्स विमानों की बिक्री और लीजबैक के लिए आयरलैंड की लीजिंग कंपनी ग्रिफिन ग्लोबल एसेट मैनेजमेंट के साथ समझौता किया है। बिक्री और लीजबैक मॉडल के तहत विमानन कंपनी अपने विमानों को एक लीजिंग कंपनी को बेचती है और फिर उन्हें वापस पट्टे पर ले लेती है। इस तरह एयरलाइन को वह नकदी वापस मिल जाती है, जो उसने विमान खरीदने के लिए खर्च की थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा मैक्स विमानों को हरी झंडी देने के लगभग तीन महीने बाद आकाश एयर ने 26 नवंबर, 2021 को 72 मैक्स विमान खरीदने के लिए बोइंग के साथ एक समझौता किया था। आकाश एयर को इस महीने अपना पहला मैक्स विमान मिलने वाला है और कंपनी जुलाई में अपना वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू करने की योजना बना रही है। ग्रिफिन के साथ समझौते पर टिप्पणी करते हुए आकाश एयर के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीईओ विनय दुबे ने कहा` कि हम ग्रिफिन को अपनी वृद्धि में भागीदार के रूप में पाकर खुश हैं, क्योंकि हम अपनी विमानन यात्रा शुरू कर रहे हैं। ग्रिफिन टीम का अत्यधिक भरोसा और समर्थन आकाश एयर के मजबूत और टिकाऊ भविष्य का प्रमाण है।

# अनिल अंबानी की कंपनी की बिक्री प्रक्रिया की बढ़ेगी समयसीमा

**मुंबई ।**

कर्ज संकट का सामना कर रहे अनिल अंबानी की रिलायंस समूह की कंपनी की रिलायंस कैपिटल में देरी हो सकती है। दरअसल, रिलायंस कैपिटल को कर्ज देने वाली वित्तीय संस्थाएं अधिग्रहण के लिए बोलियां जमा करने की समयसीमा बढ़ाकर 10 अगस्त कर सकती हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह दूसरी बार होगा जब रिलायंस कैपिटल के लिए समाधान योजना जमा करने की समय सीमा बढ़ाई गई है। इससे पहले, लेनदारों की समिति (सीओसी) ने बोली लगाने की समय सीमा 26 मई से बढ़ाकर 20 जून कर दी थी। वहीं अन्य बोली लगाने वाले इंडसइंड बैंक ने भी समाधान योजना प्रस्तुत करने के लिए और समय मांगा है। माना जाता है कि इंडसइंड बैंक ने रिलायंस कैपिटल के प्रशासक से बोली की तारीख 15 जुलाई तक बढ़ाने के लिए कहा है।सूत्रों के अनुसार, रिलायंस कैपिटल के लिए एक समाधान योजना के लिए वर्तमान में केवल तीन बोलीदाता समिति के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। गौरतलब है` कि रिलायंस कैपिटल को शुरुआत में अपनी कुछ संपत्तियों के लिए विभिन्न कंपनियों से 54 एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) मिले थे। इस बीच बुधवार को कारोबार के ओ खिर में रिलायंस कैपिटल के शेयरों में बिकवाली हावी रही। बीएसई इंडेक्स पर रिलायंस कैपिटल के शेयर की कीमत रु. 14.11 या 1.26 फीसदी पर बंद हुआ। वहीं कंपनी का मार्केट कैप 356.57 करोड़ रुपए था।



## अमेरिकन एयरलाइंस और इंडिगो ने किया समझौता

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकन एयरलाइंस और इंडिगो ने एक कोडशेयर समझौता शुरू किया है। इस समझौते के तहत अमेरिकन एयरलाइंस दिल्ली-बेंगलुरु और दिल्ली-मुंबई रूट पर चलने वाली इंडियो की उड़ानों की सीटें बेच सकेगी। अमेरिकन एयरलाइंस वर्तमान में केवल न्यूयॉर्क-दिल्ली रूट पर उड़ानें संचालित करती है। अमेरिकन एयरलाइंस ने कहा` कि अमेरिकन और इंडिगो ने भारत में (बेंगलुरु और मुंबई के अलावा) एक दर्जन से अधिक अतिरिक्त गंतव्यों को शामिल करने के लिए कोडशेयर का विस्तार करने की योजना बनाई है। अमेरिकन एयरलाइंस और इंडिगो ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वे एक कोडशेयर समझौता कर रहे हैं।







## वित्तवर्ष 2025 तक दोगुनी बढ़ सकती है डाटा सेंटर की क्षमता



**मुंबई ।**

वित्तवर्ष 2025 तक डाटा सेंटर की क्षमता बढ़कर दोगुना होने का अनुमान है। यह अभी 870 मेगावाट है जो बढ़कर 1,700 से 1,800 मेगावाट हो सकता है। साथ ही इसमें तब तक 40,000 करोड़ रुपए के निवेश का अनुमान है। एक रिपोर्ट के अनुसार बढ़ते डिजिटाइजेशन और स्थानीयकरण के साथ इस साल के ओ खिर तक 5जी की सेवाओं के शुरू होने डाटा की मांग तेजी से बढ़ेगी। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि डाटा केंद्रों की मांग और क्लाउड स्टोरेज में पिछले कुछ समय से तेजी आ रही है। कॉरपोरेट एडवांस टेक्नोलॉजी का और डिजिटल इंफ्रा पर फोकस कर रहा है। दूसरी ओर स्मार्ट उपकरण का भी लोग तेजी से उपयोग कर रहे हैं। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में वायरलेस मोबाइल डाटा ट्रैफिक 31 फीसदी बढ़कर 253 एक्साबाइट (1 एक्साबाइट में एक अरब गीगाबाइट) हो गया था क्योंकि लोगों ने कोरोना की वजह से कार्यालयों के बंद होने से बड़ी संख्या में घर से काम किया। इससे डाटा की मांग में तेजी आई। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 5जी सेवा के शुरू होने से डाटा की मांग में और तेजी आएगी। साथ ही सरकार भी तमाम डिजिटल पहल पर फोकस कर रही है।

इसने कहा कि देश में डाटा सेंटर आकर्षक इंफ्रा असेट क्लास के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट का अनुमान है कि डाटा की मांग में मुंबई अव्वल रहेगा जो पहले से ही वर्तमान क्षमता का करीबन आधा हिस्सा का उपयोग कर रहा है। इसके अलावा हैदराबाद, चेन्नई, पुणे में आगे चलकर 400 मेगावाट की मांग आ सकती है।

## ट्विटर बिना फेरबदल करोड़ों दैनिक ट्वीट संबंधी आंकड़े मस्क से साझा करेगा



**सैन फ्रांसिस्को ।**

ट्विटर ने सोशल मीडिया मंच के अधिग्रहण को आगे बढ़ाने की एक कोशिश के तहत अरबपति एलन मस्क को बिना फेरबदल किए करोड़ों दैनिक ट्वीट संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। मीडिया में आई कई खबरों में इसकी जानकारी दी गई। टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने 21 अप्रैल को 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था। मामले से जुड़े वकीलों ने हालांकि आंकड़े साझा करने की योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। मस्क ने भी ट्विटर पर इस संबंध में कुछ नहीं बताया, जबकि वह हमेशा इस समझौते से जुड़ी जानकारी इस सोशल मीडिया मंच पर देते रहे हैं। ट्विटर ने भी इन खबरों की पुष्टि करने से इनकार कर दिया और सोमवार को जारी किए गए एक बयान का जिक्र किया, जिसमें कंपनी ने कहा था कि वह मस्क के साथ सहयोगपूर्ण तरीके से जानकारी साझा कर रही है। इससे पहले मस्क ने कहा था कि ट्विटर को खरीदने का उनका सौदा तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक कि कंपनी सार्वजनिक रूप से इस बात के सबूत नहीं दिखाती कि उसके मंच पर फर्जी या स्पैम खाते पांच प्रतिशत से कम हैं। टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने भी ट्विटर के अपने स्पैम एवं फर्जी खातों की जानकारी का खुलासा करने में कथित रूप से विफल होने के मामले की जांच शुरू करने की सोमवार को घोषणा की थी। वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले मामले से परिचित व्यक्ति का हवाला देते हुए मस्क को आंकड़ों तक पूरी पहुंच प्रदान करने की ट्विटर की योजना की सूचना दी। अन्य खबरों ने सुझाव दिया कि अरबपति को केवल आंशिक पहुंच प्राप्त हो सकती है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# रणजी ट्रॉफी : 6 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचा मध्य प्रदेश

## पंजाब को दस विकेट से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

मध्य प्रदेश की टीम छह साल के बाद रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंची है। मध्य प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में पंजाब को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे साल मध्य प्रदेश की टीम साल 2016 में सेमीफाइनल में पहुंची थी। मध्य प्रदेश अब रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी है। इससे पहले मुंबई और उत्तर प्रदेश ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। अब सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश का मुकाबला बंगाल-झारखंड मुकाबले की विजेता टीम से होगा।

मध्य प्रदेश की जीत में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाते हुए पंजाब के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिये। पहली पारी में जहां पुनीत दाते और अनुभव अग्रवाल ने पंजाब की टीम को जल्दी आउट कर दिया जबकि दूसरी पारी में स्पिन गेंदबाज कुमार कार्तिकेय और सारांश जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को 10 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कार्तिकेय ने दूसरी पारी में 34 ओवर में 50 रन देकर 6 विकेट लिए जबकि सारांश को भी 4 विकेट मिले। पंजाब ने क्वार्टर फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 219 रन बनाए थे। इसके जवाब में मध्य प्रदेश ने शुभम शर्मा के शतक 102 रनों की सहयता से पहली पारी में 397 रन बनाये और 178 रनों की अच्छी बढ़त हासिल कर ली। वहीं दूसरी पारी में भी मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने पंजाब के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाते हुए पूरी टीम को दूसरी पारी में 203 रनों पर ही समेट दिया। इस प्रका मध्य प्रदेश को जीत के लिए 26 रन का आसान सा लक्ष्य मिला। जिससे उसने बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया।



# इंडोनेशिया ओपन 2022 : गेमके को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे लक्ष्य



**जकार्ता (एजेंसी)।**

विश्व के नंबर नौ बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया में चल रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 इंडोनेशिया ओपन 2022 के दूसरे दौर में डेनमाक के रासमस गेमके को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

सेन ने गुरुवार को 54 मिनट चले मुकाबले में गेमके को 21-18, 21-15 के सीधे सेटों में मात दी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन सेन ने संयम बरतते हुए दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी को 21-18 से पछाड़ दिया।

दूसरे सेट में गेमके ने पहले हाफ तक 11-10 की बढ़त बनाने के बाद वापसी करने की कोशिश की, लेकिन सेन ने एक बार फिर मैच पर पकड़ बनायी। सेन ने सेट का दूसरा भाग एकतरफा रूप से अपने नाम करते हुए गेमके को सिर्फ चार पॉइंट स्कोर करने दिये और उन्हें 21-15 से मात दी।

# पोंटिंग बिग बैश के लिए होबार्ट हरिकेंस के साथ जुड़े



**सिडनी (एजेंसी)।**

ऑस्ट्रलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग बिग बैश लीग (बीबीएल) के 12 वें सत्र के लिए होबार्ट हरिकेंस टीम के साथ जुड़ गए हैं। पोंटिंग ने बीबीएल के पहले दो संस्करणों में भी हरिकेंस की ओर से आठ मैच खेले थे। फ्रेंचाइजी ने उनके साथ तीन साल का करार किया है। होबार्ट हरिकेंस ने कहा कि अब रणनीति प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका हरिकेंस के नए मुख्य कोच की नियुक्ति और मैच पर काम करने और तत्कालीन नियुक्त कोच के साथ सूची रणनीति पर काम करना रहेगा। वहीं पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर को टीम के मुख्य कोच के तौर पर शामिल किया गया है।

पोंटिंग इससे पहले पहले भी ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम के साथ अंतरिम और विशेषज्ञ कोचिंग भूमिका में रहे हैं। उन्होंने इससे पहले भी कहा था कि राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के लिए समय की जरुरत को देखते हुए ही वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्णकालिक कोच बनने के लिए तैयार नहीं हुए थे। एक रिपोर्ट के अनुसार पोंटिंग ने कहा, जब से मैं बीबीएल-01 और बीबीएल-02 में हरिकेंस के लिए खेला था तब से प्रतियोगिता और खेल में काफी बदलाव आया है और मैं उस समय की तुलना में अब टी20 खेल की बारीकियों के बारे में बहुत कुछ जानता हूं।

उन्होंने कहा कि मैं खेल के सभी रूपों में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की प्रगति के बारे में भावुक हूं इसलिए हेरिकेंस के लिए इस तरह की महत्वपूर्ण भूमिका निभाना वास्तव में विशेष हैं। मैं काम करने और टीम के लिए अगले सीजन को अंजाम देने के लिए एक योजना बनाने के लिए उत्सुक हूं।

# बाबर आजम ने ध्वस्त किया विराट कोहली का रिकॉर्ड, सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले कप्तान बने

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने इतिहास रचते हुए भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। आपको बता दें कि वेस्ट इंडीज के खिलाफ खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में बाबर आजम ने शतकीय पारी खेली। इसी के साथ ही बाबर आजम बतौर कप्तान सबसे तेज एक हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था।

बाबर आजम ने महज 13 पारियों में यह उपलब्धि हासिल कर ली। जबकि भारतीय खिलाड़ी को एक हजार रन पूरे करने में 17 पारियां लगी थीं। इसके अलावा साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान और 360 डिग्री खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने 18वीं पारी में 1,000 रन पूरे किए थे। इसके अलावा न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने 20वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया था।




### बाबर आजम का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

बाबर आजम ने सबसे तेज 1,000 रन पूरे करने के साथ-साथ वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में दो मौकों पर लगातार तीन शतकीय पारी खेलने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज बन गए हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले वनडे में तो बाबर आजम ने 103 रनों की पारी खेली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे मुकाबले में भी बाबर आजम ने शतकीय पारियां खेली थीं।

### 5 विकेट से जीता पाक

पाकिस्तान ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ टॉस गंवाने के बावजूद 5 विकेट से मुकाबले को अपने नाम कर लिया है। इस मुकाबले में वेस्ट इंडीज ने 8 विकेट के नुकसान पर 305 रन बनाए थे और पाकिस्तान के खिलाफ 306 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। जिसका पीछा करते हुए पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया और 3 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। इस मुकाबले में बाबर आजम ने शतकीय पारी खेली। जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा सभी खिलाड़ियों ने जीत में अपना योगदान दिया।

# आईसीसी ने मोहम्मद हसनैन के गेंदबाजी एक्शन को दी हरी झंडी

**कराची।** पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन के गेंदबाजी एक्शन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हरी झंडी दे दी है जिससे वह सभी स्तर के क्रिकेट में खेल सकते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को कहा कि हसनैन का गेंदबाजी एक्शन वैध पाया गया है और फिर से हुई जांच में उनकी कोहनी आईसीसी के वैध गेंदबाजी नियमों के अंतर्गत 15 डिग्री के अंदर मुड़ी पाई गई। पीसीबी ने कहा, 'इसलिए वह अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में गेंदबाजी बहाल कर सकता है जिसमें विश्व स्तर पर घरेलू क्रिकेट शामिल है।' हसनैन के गेंदबाजी एक्शन के बारे में फरवरी में रिपोर्ट की गई थी जब वह ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेल रहे थे जिसके बाद वह आईसीसी की निगरानी में हुए समीक्षा परीक्षण में गेंदबाजी एक्शन में विफल हो गए थे।



# टी-20 विश्व कप में सैमसम निभा सकते हैं अहम भूमिका : शास्त्री

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसम अहम भूमिका निभा सकते हैं। पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी, श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन 5वें नंबर के लिए प्रबल दावेदार हैं पर अगर ऑस्ट्रेलियाई हालातों को ध्यान में रखे तो सैमसम से ज्यादा संभावनाएं हैं क्योंकि उनके पास किसी भी और भारतीय बल्लेबाज के मुकाबले ज्यादा शॉट्स हैं। ऐसे में शास्त्री का मानना है कि सैमसम को विश्व कप के लिए टीम में जगह जरूर मिलेगी। शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में उछाल, तेजी को देखते हुए सैमसंग सबसे बेहतर विकल्प रहेंगे। उन्होंने कहा कि आईपीएल में इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था। सैमसन ने आईपीएल के 15 वें सत्र में शानदार कप्तानी करते हुए राजस्थान की टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। इस दौरान वह अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे हैं। संजू ने 17 मैचों में 458 रन बनाए। उन्होंने बल्लेबाज करते हुए 2 अर्धशतक बनाये। इसके बाद भी उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली।



# वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तीन नये खिलाड़ियों को अवसर दिया

## रीफर की पांच साल बाद वापसी

**सेंट जोन्स (एजेंसी)।**

वेस्टइंडीज ने डेवोन थॉमस, गुडाकेश मोती और एंडरसन फिलिप को बांग्लादेश के खिलाफ 16 जून से यहां यहां शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए अपनी 12 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। यह तीनों ही नये खिलाड़ी हैं। विकेकीपर बल्लेबाज थॉमस ने वेस्टइंडीज की ओर से 21 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। वहीं स्पिनर मोती ने एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है जबकि तेज गेंदबाज फिलिप अभी पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भी वेस्टइंडीज की टीम का हिस्सा हैं। फिलिप को हाल में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम में शामिल किया गया था पर उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ 2017 में एकमात्र टेस्ट खेलने वाले रेमन रीफर की भी पांच साल बाद वापसी हुई है।



अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच भी अगर फिट हो जाते हैं तो उन्हें भी टीम में जगह मिल जाएगी। वहीं पूर्व कप्तान जेसन होल्डर को एंटीगा में बांग्लादेश के खिलाफ 16 से 20 जून और जमैका में 24 से 28 जून तक होने वाले टेस्ट मैच से आराम दिया गया है। बांग्लादेश की टीम वेस्टइंडीज दौरे पर तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। टी20 मुकाबले डोमीनिका में दो और तीन जुलाई तथा गयाना में सात जुलाई को खेले जाएंगे जबकि तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गयाना में 10, 13 और 16 जुलाई को होंगे।

वेस्टइंडीज टीम इस प्रकार है = क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड, एनक्रुमाह बोनर, जॉन कैंपबेल, जोशुआ डा सिल्वा, अल्जारी जोसेफ, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, एंडरसन फिलिप, रेमन रीफर, जेडन सील्स और डेवोन थॉमस।

# टेनिस खिलाड़ी तारा मूरे डोपिंग मामले में फंसी, अस्थाई तौर पर निलंबित

**लंदन।** ब्रिटेन की टेनिस खिलाड़ी तारा मूरे को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर खेल के डोपिंग रोधी नियमों के तहत अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया है। 'इंटरनेशल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी' (आईटीआईए) ने बुधवार को कहा कि युगल में दुनिया की 83वें नंबर की खिलाड़ी 29 साल की मूरे अप्रैल में कोलंबिया में डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के दौरान नेंड्रोलिन मेटाबोलाइट और बोल्डेनोन के लिए पॉजिटिव पाई गईं। आईटीआईए ने कहा, 'खिलाड़ी अब बी नमूने की जांच का आग्रह कर सकती हैं जिससे पता चलेगा कि ए नमूने की पुष्टि होती है या नहीं।' मूरे ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पर कहा, 'मैंने अपने करियर में कभी जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया। मैं जानने की कोशिश कर रही हूं कि पॉजिटिव नतीजा कैसे आया और यह साबित करूंगी कि में पाक साफ खिलाड़ी हूं।' उन्होंने कहा, 'अस्थाई निलंबन से मैं बेहद दुखी हूं और उम्मीद करती हूं कि जितना जल्दी संभव हो कोर्ट पर वापसी करूंगी।'



# इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड : जैक लीच फिट हुए, दूसरे टेस्ट के लिए ऐसी है प्लेइंग 11

**नाटिंघम (एजेंसी)।**

इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए फिट घोषित किए गए हैं। पिछले हफ्ते पहले टेस्ट के दौरान सिर में चोट लगने के बाद लीच को कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) से जुड़े नियमों से गुजरना पड़ा था। नॉटिंघम के ट्रेंटब्रिज में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए गुरुवार को इंग्लैंड ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। इंग्लैंड लगातार दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगा। लाड्र्स में पहले टेस्ट के पहले दिन बाउंड्री के समीप गिरने से लीच के सिर में चोट लगी थी। कनकशन के कारण बाकी टेस्ट में मैट पार्किंसन ने उनकी जगह ली थी। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था। इंग्लैंड क्रिकेट ने कहा, 'जैक लीच ने कनकशन के बाद खेल में वापसी के लिए सात दिन का अनिवार्य निगरानी समय पूरा कर लिया है और वह मैच में खेलने के लिए फिट हैं।' हाल में इंग्लैंड के कप्तान नियुक्त किए गए बेन स्टोक्स ने बुधवार को नेट पर गेंदबाजी नहीं की। ऐसा लगा रहा था कि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव है और वह टीम डॉक्टर से बात कर रहे थे। न्यूजीलैंड ने अपनी टीम घोषित नहीं की है लेकिन उसे आलराउंडर कोलिन डिग्रैंडहोम की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो दाएं टखने में चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

# एफआईएच प्रो लीग: बेल्जियम के खिलाफ मुकाबलों से पहले सविता ने दिया ये बयान

**ब्रसेल्स।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने इस सप्ताहांत एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग में मेजबान बेल्जियम के खिलाफ होने वाले दो मुकाबलों से पहले कहा है कि उनकी टीम के पास विदेशी सरजमीं पर जीत दर्ज करने के लिए सब कुछ है। भारतीय टीम अभी आठ मैच में 22 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही है। सिर्फ अर्जेन्टीना और नीदरलैंड ही उससे आगे हैं। दूसरी तरफ बेल्जियम की टीम आठ मैच में 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। भारतीय टीम एंटवर्प के स्पोर्टसेंकट्रम विलरिक्से प्लेन स्टेडियम में बेल्जियम से 11 और 12 जून को भिड़ेगी। सविता ने हॉकी इंडिया की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हम बेल्जियम से भिड़ने के लिए तैयार हैं। हमारी टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्हें पता है कि विदेशी सरजमीं पर जीत दर्ज करने के लिए क्या करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'हाल के महीनों में हमने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और हमें विश्वास है कि हम विदेश में बड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करने में सक्षम हैं।' अप्रैल में भारत ने पहले मैच में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड को 2-1 से हराया था लेकिन दूसरे मैच में उसे शूट आउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। सविता ने कहा, 'हमने अपने पिछले दो मैच में नीदरलैंड के खिलाफ जो गलतियां की उन पर काम किया है। हमें विश्वास है कि आगामी मुकाबलों में हम वही गलतियां नहीं दोहराएंगे।' उप कप्तान नियुक्त की गई दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि टीम में काफी आत्मविश्वास है और अगला मुकाबला जीतने से विश्व कप से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि हम तैयार हैं। हमें अपने ऊपर, हमारी टीम पर और सबसे महत्वपूर्ण एक-दूसरे पर भरोसा है। हमें पता है कि हमें अपने प्रदर्शन को बरकरार रखना होगा क्योंकि हम एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं जो इस साल जुलाई में होगा।'



# जज्बे के साथ भारतीय टीम की अगुआई करूंगा: पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला की शुरुआत से सिर्फ एक दिन पहले भारतीय टीम की कप्तानी मिलने के बाद नव नियुक्त कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि वह जज्बे के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए उप कप्तान बनाए गए पंत को उस समय टीम की कप्तानी सौंपी गई जब कप्तान लोकेश राहुल पहले मैच की शुरुआत से एक दिन पहले दाईं ग्रोइन की चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए। नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इस श्रृंखला से आराम दिया गया है।

पंत ने पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''यह काफी अच्छा अहसास हैं, हालांकि यह जिम्मेदारी अच्छे हालात में नहीं मिली। मुझे भी यह खबर एक घंटा पहले ही मिली इसलिए अभी इस अहसास से गुजर रहा हूं।'' दिल्ली के इस क्रिकेटर ने कहा, ''मैं अब तक इस सूचना को नहीं पचा पाया हूं। यह मौका मिलना शानदार अहसास है, विशेषकर अपने शहर में।''

पंत पिछले दो सत्र से इंडियन प्रीमियर लीग टीम दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई कर रहे हैं। हाल में संपन्न आईपीएल के दौरान पंत ने अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर प्रयोग किया था। यह पूछने पर कि क्या वह अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव जारी रखेंगे, पंत ने कहा, ''मेरा बल्लेबाजी क्रम हालात पर निर्भर करेगा। इन हालात में लगातार बदलाव वाला बल्लेबाजी क्रम नहीं हो सकता क्योंकि हम स्पिनरों के खिलाफ काफी खेलते हैं लेकिन अगर हमें बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की जरूरत होगी तो हम ऐसा करेंगे।''

उन्होंने कहा, ''एक कप्तान के रूप में इससे मुझे काफी मदद मिलेगी। जब आप लगातार काफी समय तक एक जैसी चीज करते हो तो आपमें सुधार होता है और आप इससे सीखते हो और मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी।''

चौबीस साल के पंत का मानना है कि आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी से काफी मदद मिलेगी। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो अपनी गलतियों से सीखता है।'' बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव भी मंगलवार को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए दाएं हाथ में चोट लगने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

पंत ने कहा, ''बल्लेबाजी क्रम में अधिक बदलाव नहीं होगा। लोकेश राहुल को पारी का आगाज करना था तो एक बदलाव होगा। हमारे पास काफी सलामी बल्लेबाज नहीं हैं इसलिए आपको पता है कि यह बदलाव क्या होगा।'' पंत ने कहा कि टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम में काफी बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

उन्होंने कहा, ''एक टीम के रूप में हमने निश्चित लक्ष्यों के बारे में सोचा है जो हमें हासिल करने हैं। हम लगातार उन पर काम कर रहे हैं। हम विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं। आगामी दिनों में आपको काफी बदलाव देखने को मिलेंगे।





# तेजी से आगे बढ़ रहा मंकीपॉक्स डब्ल्यूएचओ ने बताए वायरस को रोकने उपाय

**मंकीपॉक्स के अब तक कुल 257 मामले सामने आए हैं जबकि लगभग 120 संदिग्ध मामले हैं। चिंता की बात यह है कि यह अधिकतर उन देशों में फैल रहा है, जहां यह बीमारी आमतौर पर नहीं पाई जाती है। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि मंकीपॉक्स के प्रसार को रोकने के लिए तीन बातों पर ध्यान देना चाहिए।**

जानवरों से इंसानों में फैलने वाले वायरस ने रफ्तार पकड़ ली है और कुल 23 देश इसकी चपेट में आ गए हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने बताया है कि मंकीपॉक्स के अब तक कुल 257 मामले सामने आए हैं जबकि लगभग 120 संदिग्ध मामले हैं। चिंता की बात यह है कि यह अधिकतर उन देशों में फैल रहा है, जहां यह बीमारी आमतौर पर नहीं पाई जाती है। संगठन ने कहा है कि अगर मंकीपॉक्स वायरस बच्चों और इम्यूनोसप्रेस्ड व्यक्तियों जैसे गंभीर बीमारी के उच्च जोखिम वाले समूहों में फैलता है, तो आगे चलकर विकराल रूप ले सकता है। संगठन ने कहा है कि मंकीपॉक्स आपके बच्चों पर भी हमला कर सकता है और उनमें लक्षणों की पहचान करना भी मुश्किल हो सकता है क्योंकि शुरुआती लक्षण चेचक या चिकन पॉक्स के समान होते हैं।

## मंकीपॉक्स रोग क्या है?

मंकीपॉक्स चेचक की तरह होने वाली एक एक दुर्लभ वायरल संक्रमण है। यह पहली बार 1958 में अनुसंधान के लिए रखे गए बंदरों में खोजा गया था और 1970 में मंकीपॉक्स का पहला मानव मामला सामने आया था। यह रोग मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षावन क्षेत्रों में होता है। यह वायरस पॉक्सविरिडे परिवार से संबंधित है, जिसमेंचेचक रोग पैदा करने वाले वायरस भी शामिल हैं।

## बच्चों में मंकीपॉक्स के लक्षण

बच्चे के शरीर में किसी भी बदलाव की निगरानी करना और किसी भी असामान्य लक्षण से सावधान रहना महत्वपूर्ण है। जैसा कि मंकीपॉक्स वायरल बच्चों में पहचाना जाना मुश्किल है। मंकीपॉक्स के कुछ सामान्य शुरुआती लक्षण दिए गए हैं, जिन पर बच्चों को ध्यान देना चाहिए।

- मध्यम से तेज बुखार
- चकत्ते
- शरीर में दर्द
- लिम्फ नोड
- अत्यधिक थकान

## मंकीपॉक्स वायरस से बचने के उपाय

- दिन में कई बार बच्चे इ हाथों को 20 सेकंड तक साबुन और पानी से धोएं या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें
- पशु से मानव में होने संचरण की रोकथाम करें
- मांस को अच्छी तरह से पकाएं
- किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें, जिसे रैश या बुखार हो
- बीमार रोगी के किसी भी तरल पदार्थ या वस्तु के संपर्क में आने से बचें

## मंकीपॉक्स को रोकने के डब्ल्यूएचओ के उपाय

पिछले दो हफ्ते में मंकीपॉक्स 23 देशों में फैल गया है। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि मंकीपॉक्स के प्रसार को रोकने के लिए तीन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

- उन लोगों को सटीक जानकारी देना, जिन्हें मंकीपॉक्स का सबसे अधिक खतरा हो सकता है
- जोखिम वाले समूहों के बीच आगे प्रसार को रोकना
- फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स की सुरक्षा करना

## कैसे फैलता है?

मंकीपॉक्स किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के निकट संपर्क के माध्यम से या वायरस से दूषित सामग्री के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है। यह चूहों और गिलहरियों जैसे जानवरों से भी फैलता है। मंकीपॉक्स रोग घावों, शरीर के तरल पदार्थ, श्वसन बूंदों और दूषित पदार्थों जैसे बिस्तर के माध्यम से फैलता है।



# स्लो पॉइजन हो सकता है खून में ज्यादा आयरन

**आयरन हमारे शरीर के लिए एक जरूरी पोषक तत्व है। बावजूद इसके अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से स्वास्थ्य और शरीर को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अन्य पोषक तत्वों की ही तरह आयरन की मात्रा को भी नियंत्रित करने की जरूरत होती है।**

किसी भी चीज का ज्यादा मात्रा में सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। आयरन के लिए भी यही बात लागू होती है। आयरन एक जरूरी मिनरल है, जो आपके शरीर को ऊर्जा देने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए जरूरी है। इसका सीधा सा मतलब है कि आपको रोजाना आयरन की जरूरत है। हालांकि, ऐसे कई लोग भी हैं, जो कम मात्रा में आयरन लेने के कारण आयरन की कमी से जूझते हैं। जहां आयरन की कमी से एनीमिया और थकान हो सकती है, वहीं इसका जरूरत से ज्यादा सेवन करना भी अच्छा नहीं है। सिर्फ इसलिए कि आयरन जरूरी है, इसका मतलब यह नहीं कि आप अधिक मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं। किसी भी पोषक तत्व के सेवन का नियम इसे सही मात्रा में लेना है। जबकि अन्य पोषक तत्वों की तरह इसका अधिक सेवन करना हानिकारक है। यहां तक की जो लोग इसकी ओवरडोज लेते हैं, उनके लिए यह किसी जहर से कम नहीं है। आयरन हीमोग्लोबिन का भी जरूरी हिस्सा है। हीमोग्लोबिन रेड ब्लड सेल्स में पाया जाने वाला एक प्रोटीन है। यह बॉडी के सभी सेल्स तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है। एनसीबीई की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगों को अपने आहार में आयरन नहीं मिलता, उनमें आयरन की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर से महिलाओं में आयरन की कमी बहुत देखी जाती है।

## आयरन को नियंत्रित क्यों करना चाहिए

अपनी बॉडी में आयरन लेवल को नियंत्रित करने के दो कारण हैं। पहला , जरूरी पोषक तत्व होने के कारण आयरन शरीर के कई कामों में बुनियादी भूमिका निभाता है। इसलिए हमें थोड़ी मात्रा में ही इसे लेना चाहिए। वहीं अधिक मात्रा में आयरन जहरीला होता है, इसलिए बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन से बचना भी चाहिए।

## कब बन जाता है आयरन जहरीला

आयरन धीरे-धीरे या कभी-कभी अचानक जहरीला हो सकता है। आयरन इसके जरूरत से ज्यादा सेवन के कारण जहरीला हो सकता है खासतौर से तब जब लोग आयरन सप्लीमेंट का ओवरडोज लें या फिर व्यक्ति क्रॉनिक आयरन ओवरलोड डिसऑर्डर से ग्रसित हो। बता दें कि इससे आयरन पॉइजनिंग, हैरिडेट्री हैमोक्रोमेटोसिस जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती है। एक स्टडी के अनुसार, 40 मिग्रा से ज्यादा आयरन का सेवन करने पर आपको मेडिकल हेल्प की जरूरत पड़ सकती है।

## आयरन और कैंसर का संबंध

एक स्टडी के अनुसार, आयरन की अधिक मात्रा से जानवर और मनुष्यों दोनों में कैंसर हो सकता है। नियमित रूप से ब्लड डोनेट करने से इस रिस्क को कम करने में मदद मिल सकती है।

## बढ़ सकता है इंफेक्शन का खतरा

स्टडी के अनुसार, आयरन ओवरलोड और आयरन की कमी दोनों ही संक्रमण को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि आयरन सप्लीमेंट से भी संक्रमण की गंभीरता बढ़ सकती है। जिन लोगों में इंफेक्शन का रिस्क ज्यादा है, उन्हें बहुत सोच समझकर इसका सेवन करना चाहिए। अधिक मात्रा में आयरन हानिकारक हो सकता है। हालांकि , आयरन सप्लीमेंट उन लोगों के लिए फायदेमंद हे, जो आयरन की कमी से पीड़ित हैं। लेकिन उन लोगों के लिए जहर है, जिन्हें आयरन की कमी नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, बिना डॉक्टर की सलाह के आयरन सप्लीमेंट कभी नहीं लेना चाहिए।

# मौसमी बीमारियों का रामबाण इलाज है गिलोय



निरोगी काया के लिए गिलोय एक चमत्कारी पौधा है, यह कई बीमारियों को दूर करने में कारागार होता है। इसके पत्ते पान के पत्तों की जैसे होते हैं और इसके सेवन से शरीर स्वस्थ्य रहता है। आइए आज हम आपको यहां बता रहे हैं कि गिलोय किन-किन बीमारियों को दूर करने में मददगार होता है। बता दें कि गिलोय सबसे ज्यादा लाभकारी डायबिटिज के रोगियों के लिए होता है। इसमें हाइपोग्लैसेमिक होता है जो शरीर में शुगर की मात्रा को संतुलित बनाये रखता है। इसी कारण से डायबिटीज के रोगियों को शुगर कंट्रोल करने के लिए गिलोय का सेवन करने की राय दी जाती है। हालांकि बिना डॉक्टर के परामर्श के इसका सेवन नहीं करना चाहिए। अगर गिलोय के पत्तों को पानी में उबालकर आंखों पर रखा जाए तो इससे नेत्र रोग दूर होते हैं और आंखों की रोशनी बढ़ती है। गिलोय में रोगप्रतिरोधक क्षमता होती है इसी कारण से ये छोटी-छोटी बीमारियों को शरीर से दूर रखता है। इसका सेवन करने से सर्दी-जुकाम, गैस, कब्ज और अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है।

# उम्र बढ़ते ही क्यों होती है पेट में सूजन और भारीपन की समस्या

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। चेहरे पर झुर्रियां, सफेद बाल, त्वचा का मुरझाना जैसे बढ़ती उम्र के आम लक्षण हैं। इसी के साथ-साथ लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी होने लगती हैं। उम्र के एक पढ़ाव पर लोगों को मोतियाबिंद, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, गर्दन दर्द, मधुमेह सहित न जाने कितने ही विकारों का सामना करना पड़ता है। वृद्धावस्था में लोगों की सेहत को प्रभावित करने वाली हेल्थ कंडीशन की एक लंबी लिस्ट में ब्लोटिंग यानी पेट फूलना की भी एक बड़ी समस्या है। आमा भाषा में इसे इसे पेट की सूजन भी कहते हैं। पेट की सूजन को गेस्ट्राइटिस भी कहते हैं और इसके कई बार कोई लक्षण दिखाई नहीं देते लेकिन महसूस होते हैं। यहां हम आपको इस विकार के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## ब्लोटिंग का क्या कारण है?

आमतौर पर सभी एज ग्रुप के लोग समय-समय पर अपने पेट को फूला हुआ महसूस करते हैं। लेकिन एक उम्र के साथ ये समस्या बार-बार होने लगती है। पेट में सूजन तब होती है जब गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट हवा या कहें गैस से भर जाता है। यही गैस हमारे पेट को भरा हुआ, तंग या सूजा हुआ महसूस कराती है। अत्यधिक पेट फूलना और पेट में गड़गड़ाहट सूजन के कुछ अन्य सामान्य लक्षण हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनके बारे में यहां जिक्र है। वृद्ध लोगों के मामलों में इन्हीं फैक्टर्स के कारण बार-बार सूजन होती है।

- बहुत तेजी से भोजन करना
- एक साथ ढेर सारा पानी पी जाना
- धूम्रपान करना
- देर तक च्युइंग गम चबाना
- इरिटेटेड बाउल सिंड्रोम
- कब्ज
- गैस बनना
- फूड सेंसिटिविटी

कुछ विशिष्ट फलों और सब्जियों में फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है जिसे पचा पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। पेट में फाइबर को पचाने में थोड़ी मुश्किल होती थी, जिससे अक्सर पेट फूलने या सूजन की समस्या हो जाती है। यही वजह है कि वृद्ध लोगों के लिए ठीक से पका हुआ हल्के भोजन करने की सलाह दी जाती है, जिसे वे आसानी से निगल सकें। यदि ये समस्या गंभीर है तो उन्हें ऐसे खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए जो अक्सर सूजन का कारण बनते हैं।

## पेट के एसिड में कमी

उम्र बढ़ने के साथ ही पेट में भोजन पचाने वाले एसिड की भी कमी हो जाती है जिससे बुजुर्गों का पेट फूलने लगता है। बता दें कि बुजुर्गों में उम्र बढ़ने के साथ ही फूड को डाइजेस्ट करने वाले एसिड पेप्सिन का उत्पादन लगभग 40 प्रतिशत कम हो जाता है। पेप्सिन की कमी से शरीर के लिए प्रोटीन को तोड़ना मुश्किल हो जाता है, जिससे लोग फूला हुआ महसूस करते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए लोगों को प्रोटीन के एनिमल बेस्ड सोर्स का सेवन कम करना चाहिए। साथ ही उन्हें अपनी डाइट में प्लांट बेस्ड प्रोटीन को शामिल करना चाहिए।

## दवाओं का सेवन

कुछ दवाएं भी आपके पाचन संबंधी समस्या के लिए भी जिम्मेदार हो सकती हैं। ब्लोटिंग एस्पिरिन, फाइबर सप्लीमेंट्स और कुछ दर्द निवारक जैसी दवाओं का साइड इफेक्ट हो सकता है। यदि आपको कोई नई दवा दी गई है जिससे पेट फूल रहा है या आप इसे खाने से काफी असहज महसूस कर रहे हैं तो अपने डॉक्टर से सलाह लें।

## दूसरी हेल्थ कंडीशन्स

कुछ अन्य स्वास्थ्य स्थितियां जो ज्यादातर बुढ़ापे में उभरती हैं, जो सूजन और बैचेनी का कारण बन सकती हैं।

- इरिटेबल बॉएल सिंड्रोम
- सीलिएक रोग
- क्रोहन रोग
- गैस्ट्रोएसोफेगल प्रतिवाह रोग
- पेट दर्द
- बड़ी आंत में सूजन
- इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज
- मधुमेह



# टेंशन और डिप्रेशन बढ़ाते हैं डेली खाए जाने वाले ये फूड





मौजूदा दौर में तनाव, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं होना कोई नई बात नहीं है। आधुनिक युग में ये परेशानियां काफी प्रचलित हो गई हैं, खुशी से ज्यादा लोग अब टेंशन में डूबे दिखते हैं। वास्तव में चिंता और तनाव का कोई इलाज नहीं है। क्योंकि ऐसे तमाम लोग हैं जिन्होंने थेराप्यूटिक यानी चिकित्सा का सहारा भी लिया, लेकिन अपने मानसिक स्वस्थ्य को बनाए रखने में असफल हैं। ऐसे में हमें इस समस्या का समाधान खुद से ही खोजना होगा। बहुत कम लोगों को पता है कि डेली रूटीन में खाए जाने वाले फूड आइटम्स भी टेंशन और स्ट्रेस का कारण होते हैं। लिहाजा उन खाद्य पदार्थों के बारे में जानकर चौंकें नहीं, जो तनाव को बढ़ावा देते हैं या मानसिक स्थिति को खराब करते हैं ; जिनका आप रोजाना सेवन करते हैं। यहां हम इन ऐसे ही खाद्य पदार्थों की सूची जारी कर रहे हैं जिनके सेवन से आपकी टेंशन और तनाव को बढ़ावा मिलता है।

## रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट

हृदय की समस्याओं, मधुमेह या मोटापे के बढ़ते जोखिम का एक सॉलिड रीजन रिफाइंड कार्बोहाइड्रेड है। मानसिक स्वास्थ्य संगठन के एक शोध ने साबित किया कि रिफाइंड चीनी सहित रिफाइंड कार्ब्स के सेवन से चिंता और अवसाद दोनों का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं तो जल्द ही सफेद आटा, सफेद ब्रेड, सफेद चावल, एगेव चीनी, सिरप, कन्फेक्शनरी प्रोडक्ट्स प्रोसेप्ड स्नैक्स, पास्ता आदि के उपयोग को छोड़ने का प्रयास करें। इनकी बजाए आप हेल्दी आहार के तौर पर ओट्स, ब्राउन राइस, क्विनोआ, अनाज, साबुत ब्रेड या अंकुरित गेहूं के आटे का प्रयोग करें।

## चीनी युक्त खाद्य पदार्थ

मीठे खाद्य पदार्थ रक्त शर्करा यानी ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव का कारण बन सकते हैं जो हमारे एनर्जी लेवल को भी प्रभावित करते हैं। यहां तक कि मूड को भी इंबैलेंस कर सकते हैं जिससे टेंशन बढ़ती है। इसलिए आपको ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन भी बंद करना चाहिए जिनमें चीनी की अत्यधिक मात्रा हो। प्राकृतिक चीनी के विकल्प में आप एरिथ्रिटोल और याकॉन सिरप से बने प्रोडक्ट्स का उपयोग करने का प्रयास करें। प्राकृतिक फलों और सब्जियों का रस चीनी से बने खाद्य पदार्थों से कहीं बेहतर हैं।

## कैफीनयुक्त पेय पदार्थ

कैफीन युक्त ड्रिंक के सेवन से भी चिंता, तनाव और अनिद्रा की समस्या होती है। थोड़ी मात्रा में कैफीन का सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता, लेकिन अगर आप इसे अधिक मात्रा में लेते हैं तो जल्द ही चिंता, तनाव का शिकार हो सकते हैं। यह मत भूलिए कि सामान्य चाय, कुछ चॉकलेट और यहां तक कि फ्लेवर्ड केक में भी कैफीन होता है। इसके बजाय आपको हर्बल टी, पुदीना, नींबू या नारियल पानी का विकल्प चुनना चाहिए।

## ट्रांस फैट

हर बार जब आप चिप्स या चिकन नगेट्स का पैकेट खोलते हैं, तो याद रखिए इससे आपकी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। तेल से तले खाद्य पदार्थों की बजाए आपको घी, मक्खन जैसे संतृप्त वसा से बने स्नैक्स का सेवन करना चाहिए।

## शराब

शराब लिवर ही नहीं बल्कि पूरे स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। बहुत से लोग ब्रेकअप, मिजाज या गुस्से को दूर करने के लिए शराब का सहारा लेते हैं। वे इसे मूड ठीक करने का एक बढ़िया सोर्स मानते हैं लेकिन इसके विपरीत हमारी सेहत को खराब कर देती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शराब दिमाग में सेरोटोनिन और न्यूरोट्रांसमीटर की एक्टिविटी को बदल देती है जिससे चिंता बढ़ जाती है। इसकी बजाए आपको मोजितो या मॉकटेल या गैर-अल्कोहल बियर का सेवन करना चाहिए।

## अधिक मात्रा में नमक

शरीर में अतिरिक्त सोडियम गुर्दे के साथ-साथ तंत्रिका तंत्र को भी हानि पहुंचा सकता है। नमक मूड विकारों जैसे मूड स्विंग, टेंशन, तनाव और अवसाद, यहां तक कि थकान को भी जन्म दे सकता है। इसलिए नमक का सेवन कम से कम करें।



## श्रीलंका: पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे ने संसद की सदस्यता से दिया इस्तीफा



कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति के सबसे छोटे भाई और देश के पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे ने बृहस्पतिवार को संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। गौरतलब है कि श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के खिलाफ जारी प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में देश के शक्तिशाली राजपक्षे परिवार के दो सदस्य, बेसिल सहित, इस महीने सरकार से इस्तीफा दे चुके हैं। इससे पहले जनता के दबाव में राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे के बड़े भाई प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने पिछले महीने पद से इस्तीफा दे दिया था। संवाददाताओं से बातचीत में बेसिल ने कहा, ''मैंने इसलिए इस्तीफा दिया है ताकि श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) उचित व्यक्ति को नामित कर सके।'' उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने यह समझते हुए इस्तीफा दिया है कि संविधान के 21वें संशोधन (21ए) के तहत वह संसद की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाएंगे क्योंकि उनके पास अमेरिका और श्रीलंका की दोहरी नागरिकता है। इस पर, राजपक्षे भाइयों में सबसे छोटे बेसिल ने कहा कि ऐसा नहीं है। संविधान संशोधन के तहत 21ए का लक्ष्य दोहरी नागरिकता रखने वालों को जनप्रतिनिधि बनने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने से रोकना है।

## पाकिस्तान: हिंदू मंदिर में देवताओं की मूर्तियों में तोड़फोड़, दहशत में हिंदू समुदाय के लोग

कराची (पाकिस्तान)।पाकिस्तान के कराची शहर में एक हिंदू मंदिर में देवताओं की मूर्तियों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय के पूजा स्थलों में तोड़फोड का यह ताजा मामला है। पुलिस ने बताया कि कराची कोरंगी इलाके के श्री मारी माता मंदिर में बुधवार को देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ तोड़फोड़ की गई। मंदिर कोरंगी थानाक्षेत्र में ''जे'' इलाके में स्थित है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर को मुआयना करने के बाद मामले के बारे में पूछताछ की। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, इस घटना से कराची के हिंदू समुदाय के लोग दहशत में हैं, खासकर कोरंगी इलाके में जहां किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस को तैनात किया गया है। इलाके में रहने वाले हिंदू संजीव ने समाचार पत्र को बताया कि मोटरसाइकिल पर छह से आठ लोग इलाके में आए और मंदिर पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा, '' हमें नहीं पता हमला किसने और क्यों किया।'' पुलिस से शिकायत दर्ज करने को कहा गया है। कोरंगी के थाना प्रभारी फारूक संजरानी ने कहा, '' पांच से छह अज्ञात संदिग्ध मंदिर में दाखिल हो गए और वहां तोड़फोड़ करने के बाद फरार हो गए।'' उन्होंने बताया कि मंदिर पर हमला करने वाले अज्ञात संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी के मंदिरों को अक्सर भीड़ द्वारा निशाना बनाया जाता है। अक्टूबर में, कोटरी में सिंधु नदी के तट पर स्थित एक ऐतिहासिक मंदिर को अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर निशाना बनाया था। इस संबंध में कोटरी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आधिकारिक अनुमान के मुताबिक, पाकिस्तान में 75 लाख हिंदू रहते हैं। हालांकि, समुदाय के अनुसार देश में 90 लाख से अधिक हिंदू हैं। पाकिस्तान की अधिकतर हिंदू आबादी सिंध प्रांत में बसी है। वे अक्सर कट्टरपंथियों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत करते हैं।

## स्पेस में सोलर पॉवर प्लांट लगाकर बिजली पैदा करेगा चीन

### -पैदा हुई बिजली को धरती पर भेजेगा

बीजिंग ।चीन ने अपने सोलर पॉवर प्लांट स्पेस स्टेशन के लिए ट्रायल लांच शुरू करने की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट का पहला चरण अपने शेड्यूल से दो साल पहले 2028 में शुरू होगा। यह घोषणा करके चीन ने अमेरिका और ब्रिटेन दोनों को पीछे छोड़ने का मन बना लिया है। यह प्रॉजेक्ट चार चरणों में पूरा होगा। खास बात यह है कि काम पूरा होने के बाद अंतरिक्ष से पृथ्वी पर बिजली भेजी जा सकेगी। इसमें धरती से 400 किमी की ऊंचाई से वायरलेस पावर ट्रांसमिशन का इस्तेमाल होगा। दो दशक से पहले नासा ने पहली बार इस तरह के एनर्जी प्रॉजेक्ट का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इसपर काम नहीं किया। इतना ही नहीं, ब्रिटेन ने भी 2035 तक स्पेस में, 1600 करोड़ पाउंड की लागत वाला सोलर पॉवर प्लांट बनाने की योजना बनाई है। इसपर रिसर्च भी शुरू कर दी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि सैटेलाइट सौर ऊर्जा को माइक्रोवेव या लेजर में बदलेगा और एनर्जी बीम को पृथ्वी पर अलग-अलग जगहों और गतिमान सैटेलाइट तक भेजेगा। माना जा रहा है कि माइक्रोवेव का इस्तेमाल करके, टीम वायुमंडल से गुजरने वाली ऊर्जा की मात्रा को कम करने में सक्षम होगी। सोलर एनर्जी वाले इस स्पेस स्टेशन का मुख्य लक्ष्य सोलर एनर्जी को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करना है। फिर पृथ्वी पर किसी कलेक्टर के जरिए ऊर्जा ट्रांसमिट करने के लिए माइक्रोवेव ट्रांसमीटर या लेजर एमिटर का इस्तेमाल होगा। चीन के मुताबिक प्रोजेक्ट 2050 तक पूरा कर लिया जाएगा। पूरी तरह से चालू होने के बाद, अंतरिक्ष में यह सोलर स्टोशन परमाणु ऊर्जा स्टेशन की तरह काम करेगा। इलेक्ट्रिकल ग्रिड की तरह धरती पर बिजली भेजेगा। चीन अपने इस ऑर्बिटिंग सोलर पॉवर स्टोशन को चार चरणों में बनाने की योजना बना रहा है। 2030 में, पहले टेस्ट लांच के बाद, चीन 36,000 किमी की भू-समकालिक कक्षा में एक अधिक शक्तिशाली प्लांट लगाएगा। हालांकि एक टेस्ट स्टेशन में केवल 10 किलोवाट बिजली उत्पादन होगा, बड़ा बिजली संयंत्र 2035 तक 10 मेगावाट बिजली देगा। 2050 तक, चीन को उम्मीद है कि स्टेशन करीब दो गीगावाट बिजली का उत्पादन करेगा, जो ब्रिटेन के अधिकांश बिजली संयंत्रों के उत्पादन के बराबर है।

## उन देशों में भी पफैल रहा मंकी पॉक्स जहां अभी तक नहीं था

### – विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ ने दी बडी चेतावनी

वाशिंगटन । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेताया है कि अब मंकीपॉक्स का खतरा बढ़ रहा है क्योंकि यह उन देशों में भी फैल रहा है क्योंकि जहां अब तक यह मौजूद नहीं था। इन देशों में मंकीपॉक्स के केस अब एक हजार से अधिक हो चुके हैं। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस अदनोम ने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी वायरस के खिलाफ सामूहिक टीकाकरण की सलाह नहीं देती है। एजेंसी ने बताया कि अभी तक वायरस से किसी भी मौत की पुष्टि नहीं हुई है। एक प्रेस कान्फ्रेंस में अदनोम ने कहा, 'उन देशों में मंकीपॉक्स का खतरा अब वास्तविक है जहां अभी तक यह महामारी के रूप में मौजूद नहीं था।' मंकीपॉक्स नौ अफ्रीकी देशों में इंसानों के बीच महामारी के रूप में मौजूद है लेकिन पिछने महीनों में यह प्रकोप कई देशों में फैल गया है जिसमें ज्यादातर यूरोप और प्रमुख तौर पर ब्रिटेन, स्पेन और पुर्तगाल शामिल हैं।अमेरिका में अब तक 30 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है जिसके बाद अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी सीडीसी ने अपने चेतावनी स्तर में बदलाव किया है। इससे पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि मंकीपॉक्स हवा के जरिए भी फैल सकता है। उन्होंने इसके लिए नाइजीरिया का उदाहरण दिया। 2017 में नाइजीरिया की एक जेल में मंकीपॉक्स संक्रमण फैल गया था। कैदियों के अलावा बीमारी ने स्वास्थ्यकर्मियों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। ऐसे लोग भी संक्रमित हो गए थे जो मरीजों के संपर्क में नहीं आए थे। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि मंकीपॉक्स हवा के माध्यम से भी फैल सकता है। टेड्रोस ने कहा कि 29 देशों से मंकीपॉक्स के 1000 से अधिक सामने आ चुके हैं जहां यह वायरस पहले मौजूद नहीं था। अब तक इन देशों में कोई मौत नहीं हुई है। पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने वाले पुरुष मुख्य रूप से संक्रमित हो रहे हैं, हालांकि संक्रमितों में सिर्फ समलैंगिक शामिल नहीं हैं। मालूम हो कि दुनियाभर में मंकीपॉक्स का खतरा बढ़ रहा है। 29 देशों में संक्रमण के मामले 1000 से अधिक हो गए हैं।

## फैमिली बिजनेस में गड़बड़ी के आरोप, डोनाल्ड ट्रंप बेटे-बेटी के साथ देंगे गवाही

वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फैमिली बिजनेस में धोखाधड़ी मामले में उनके बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और बेटी इवांका न्यूयॉर्क की सिविल जांच में 15 जुलाई से गवाही देने वाले हैं। कोर्ट की फाइलिंग में कहा गया है कि न्यूयॉर्क राज्य के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स और जांचकर्ताओं की टीम को अगले सप्ताह तक पूछताछ समाप्त करनी होगी। निचली अदालत में दायर दस्तावेज के अनुसार, ट्रंप, डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और इवांका के पास न्यूयॉर्क राज्य की सर्वोच्च अदालत में स्टे के लिए अपील करने के लिए 13 जून तक का समय है। जेम्स की कर चोरी की जांच में सबूत देने से बचने के लिए तीनों अदालत में लड़ रहे हैं, जो उनका तर्क है कि ये राजनीति से प्रेरित है। न्यूयॉर्क राज्य की जज आर्थर एंगोरोन ने फरवरी में फैसला सुनाया कि तीनों को गवाही देनी चाहिए। जज ने ट्रंप की एक याचिका को खारिज करते हुए ये फैसला दिया। कोर्ट को लगता है कि ट्रंप ऑर्गनाइजेशन ने बैंक लोन के लिए आवेदन करते समय अचल संपत्तियों के मूल्य को धोखाधड़ी से बढ़ा दिया था। टैक्स का कम निर्धारण करने के लिए ऐसा किया गया। हालांकि, ट्रंप ने ऐसी बातों को खारिज किया है। पिछले महीने पूर्व राष्ट्रपति ने नागरिक जांच के हिस्से के रूप में ऑडिटिंग और टैक्स के दस्तावेज मुहैया करने से इनकार कर दिया था। इसके लिए उन्हें कोर्ट में 110,000 डॉलर का जुर्माना अदा करना पड़ा था। अगर ट्रंप और उनके बेटे-बेटी के खिलाफ वित्तीय कदाचार का सबूत मिलता है तो, ट्रंप संगठन पर मुकदमा किया जा सकता है। हालांकि, इस केस में आपराधिक आरोप दर्ज नहीं हो सकते।



लॉस एंजिल्स में एक सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन आयोजन स्थल की ओर जाते हुए।

## इमरान खान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के फिर से अध्यक्ष चुने गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बुधवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के फिर से अध्यक्ष चुन लिये गए। खान (69) को इस पद के लिए चुनौती देने वाले दो उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए, जिसके बाद उन्हें (खान को) निर्विरोध पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। पार्टी के आंतरिक चुनाव 13 जून तक करने के पाकिस्तान चुनाव आयोग के निर्देश के बाद इस्लामाबाद में पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान उन्हें अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। खान के अलावा, उमर सरफराज चीमा और नाइक मुहम्मद पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए दो अन्य उम्मीदवार थे। पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी पार्टी के उपाध्यक्ष, जबकि पूर्व योजना मंत्री असद उमर फिर से महासचिव चुने गये हैं। इन चुनावों के बाद खान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं और नेताओं को पार्टी की राष्ट्रीय परिषद बैठक में संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि मौजूदा शासक अमेरिका की मंजूरी के बिना कुछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दिनों में पाकिस्तान के इतिहास के सबसे बड़े प्रदर्शन की तारीख का ऐलान किया जाएगा।

## उत्तर कोरिया का साथ दे रहा चीन और रूस, कड़े प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव के पक्ष में नहीं दो देश

**संयुक्त राष्ट्र। (एजेंसी)।**

चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली बैठक में उत्तर कोरिया पर नए कड़े प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी प्रस्ताव के विरोध में वीटो करने का बचाव किया है। दोनों देशों ने कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव बढ़ाने के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए अधिक प्रतिबंधों के खिलाफ अपने विरोध को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि अब उत्तर कोरिया और बाइडन प्रशासन के बीच संवाद की आवश्यकता है। करीब 70 देशों ने महासभा की खुली बैठक में अपनी बात रखने के लिए हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी महासभा अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे संयुक्त राष्ट्र अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनेगा।

संयुक्त राष्ट्र में डेनमार्क के राजदूत मार्टिन बिले हर्मन ने 193 सदस्यीय विश्व निकाय में कहा, ''आज इतिहास रचा जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद को अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का जिम्मा सौंपा गया है तथा परिषद को अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के लिए वीटो का इस्तेमाल करना ''चिंता का विषय÷ है। महासभा में 26 अप्रैल को पारित एक प्रस्ताव से अब किसी देश या देशों को वीटो के पीछे का कारण बताने की आवश्यकता है और साथ ही संयुक्त राष्ट्र के



सभी सदस्य देशों को ''उस मामले में तत्काल अपने विचार साझा करने का अवसर भी मिला है।'' सुरक्षा परिषद ने 2006 में उत्तर कोरिया के पहले परमाणु परीक्षण के बाद उस पर प्रतिबंध लगाए थे और उसके बाद से प्रतिबंधों को कड़ा किया।

उत्तर कोरिया ने रविवार को कम दूरी की आठ मिसाइलें दागी थीं जो देश के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में एक दिन में रिकॉर्ड संख्या में दागी गई मिसाइलें हैं। अमेरिका के उपराजदूत जेफ्रे डीलॉरेंटिस ने महासभा को बताया कि रिकॉर्ड संख्या में मिसाइलें दागी गयी हैं क्योंकि उत्तर कोरिया ''संभावित सातवें परमाणु परीक्षण के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।'' उसने उत्तर कोरिया के इस कदम को ''बिना उकसावे'' की कार्रवाई बताया है। डीलॉरेंटिस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बार-बार और सार्वजनिक रूप से कहा है कि हम प्योंगयांग के साथ बिना पूर्व शर्तों के बातचीत चाहते हैं और चीन समेत निजी माध्यमों से यह संदेश पहुंचाया गया है। महासभा के प्रस्ताव के अनुसार स्थायी सदस्य या वीटो का अधिकार रखने वाले सदस्यों को वक्ताओं की सूची में प्राथमिकता दी जाएगी। संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत झांग जुन ने अमेरिका पर उत्तर कोरिया द्वारा उठाए सकारात्मक कदमों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में रूस के उपराजदूत एना इव्स्टीग्नीवा ने कहा कि उत्तर कोरिया के खिलाफ नए प्रतिबंध ''अंतिम गतिरोध होगा''।

## अफगानिस्तान भेजी जा रही मदद को लूट रहा है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**



भारत से अफगानिस्तान भेजी जा रही मानवीय मदद को पाकिस्तान तस्करी और अन्य हथकंडे अपनाकर लूटने में लगा है। अफगानिस्तान पहुंचने के बाद गेहूं भरे ट्रक वापस पाकिस्तान पहुंच रहे हैं। खामा प्रेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 मई को तालिबान के सुरक्षा अधिकारियों ने हेलमंड प्रांत में अवैध तरीके से सीमा पार कर पाकिस्तान जा रहे गेहूं लदे 50 ट्रकों को रोका। हेलमंड प्रांत में तालिबान के सूचना और संस्कृति निदेशक हाफिज रशीद हेलमंडी ने बताया, 30 मई को हेरात-कंधार हाईवे पर गेहूं से लदे अन्य ट्रक भी पकड़े गए थे। यह गेहूं हेलमंड प्रांत के वाशिर की कंपनी के ट्रकों में था।

भारत ने पिछले सप्ताह अफगानिस्तान को भेजी जा रही मानवीय मदद की निगरानी और डिलीवरी प्रक्रिया देखने के लिए अधिकारियों का एक दल काबुल भेजा था। इसने तालिबान के अधिकारियों के साथ नई दिल्ली से भेजी गई मदद पर वार्ता भी की। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से यह अपनी तरह का पहला दौरा था। अफगान समाज के सभी वर्गों ने भारत की विकास और मानवीय सहायता का दिल खोलकर स्वागत किया था। बताया जा रहा है कि भारत को भी पाकिस्तानी लूट की खबर है। इसीलिए यह दल तालिबान से वार्ता करने भेजा था।

भारत ने मदद वाया पाकिस्तान के बजाय ईरान के चाबहार पोर्ट से होकर भेजने पर तालिबान की सहमति मांगी है। बाकी मदद अपने पश्चिमी तट स्थित मुंबई, कांडला या मूंदरा पोर्ट से ईरान के चाबहार भेजने का प्रस्ताव रखा है। यहां से यह जमीन के रास्ते हेरात होकर पहुंच सकता है। इससे पंजाब सीमा पर खराब होने वाला समय भी बचेगा, जहां भारतीय ट्रक खाली होने के इंतजार में लंबे समय तक लाइन में लगे रहते हैं। खबरों के मुताबिक, तालिबान ने भी रूट परिवर्तन पर सहमति जता दी है।

## ड्रग्स ट्रैफिकिंग व हत्या के आरोप में ईरान में एक दिन में 12 कैदियों को दी फांसी

**तेहरान (एजेंसी)।**

ईरान में एक ही दिन में 12 कैदियों को फांसी दी गई। जिन 12 कैदियों को फांसी दी गई है, उनमें 11 पुरुष और 1 महिला कैदी है। ये सभी बलूचिस्तान के रहने वाले थे और सुन्नी समुदाय से ताल्लुक रखते थे। इन सभी पर ड्रग्स की तस्करी या फिर हत्या करने का आरोप है। ईरान में लगातार दी जा रही फांसी से मानवाधिकार संगठनों की चिंता बढ़ी है। सभी को सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत की मुख्य जेल जाहेदान में फांसी दी गई। यह प्रांत पाकिस्तान व अफगानिस्तान की सीमा से सटा है। नार्वे के ईरान ह्यूमन राइट्स ने यह जानकारी दी है। इन 12 लोगों में से 6 को ड्रग्स से जुड़े आरोपों में फांसी की सजा दी गई है। अन्य 6 लोगों को हत्या करने के आरोप में फांसी दी गई है। एक साथ 12 अपराधियों को सजा-ए-मौत देने के लिए ईरान सरकार की तीखी आलोचना हो रही है। सरकार पर आरोप है कि पिछले कुछ सालों में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक सुन्नी समुदाय के लोगों को फांसी की सजा दी जा रही है। ईरान में ज्यादातर लोग शिया धर्म को मानने वाले हैं। ईरान ह्यूमन राइट्स के कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईरान में जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें खासतौर पर कुर्द, बलूच और अरब शामिल हैं।

## कंबोडिया में नेवल बेस बना रहा है चीन, अमेरिका चितिंत, इस वजह से भारत भी हुआ अलर्ट

**बीजिंग (एजेंसी)।**

चीन की नौसेना युद्धपोतों के मामले में दुनिया में सबसे बड़ी मानी जाती है। इसलिए कंबोडिया तक चीन की पहुंच होना दक्षिण पूर्व एशिया के लिए बेहद खतरनाक है। चीन दक्षिण चीन सागर से लेकर पेसिफिक रिजन तक लगातार अपने सैन्य बेस की संख्या बढ़ा रहा है। ताकी कोई अगर जंग की स्थिति बनती है तो चीन बड़े हमले के लिए तैयार रहेगा। कंबोडिया में बन रहा यह नौसैनिक अड्डा भारत के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। इस अड्डे से भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह की दूरी मात्र 1200 किमी है। अफ्रीका के ज?बूती के बाद चीन का विदेश



में दूसरा नौसैनिक अड्डा होगा।

कंबोडिया में सीक्रेट नेवल बेस बनाकर चीन ने हिंद-प्रशांत में अपना अड्डा बना लिया है। यहां से चीन के युद्ध पोत मलक्का स्ट्रेट के रास्ते से आसानी से बंगाल की खाड़ी में आ-जा सकेंगे। जाहिर है कंबोडिया के नेवल बेस की मदद से चीन अमेरिका और भारत दोनों की खुफिया निगरानी आसानी से कर सकेगा। लेकिन चीन का विस्तारवादी मंसूबा यहीं तक सीमित नहीं है। बहुत मुमकिन है कि वो जल्द ही प्रशांत महासागर में अपना ठिकाना तैयाक कर ले। इसके लिए ड्रैगन ने चारा भी फेंक दिया है। सोलोमन से चीन सुरक्षा समझौता कर चुका है। जहां से वो ऑस्ट्रेलिया पर नजर रख सकता है।

सोलोमन के बाद अब चीन की नजरें वनुआतु और किरिबाती पर भी है। किरिबाती आइलैंड अमेरिका के हवाई राज्य से सिर्फ 3 हजार किलोमीटर की दूरी पर है। जहां अमेरिकी सेना की इंडो पैसिफिक कमांड का हेडक्वाटर है। खुफिया रिपोर्ट से ये पता चला है कि चीन अब अमेरिका के स्टेट ऑफ हवाई के पास मिलिट्री बेस बनाना चाहता है। दरअसल, चीन ये बात अच्छी तरह जानता है कि अगर उसे दुनिया पर अमेरिका की तरह राज करना है तो समुंदर में अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी। दुनिया के हर हिस्से में अमेरिका की घेराबंदी करनी होगी।

## नूपुर शर्मा के समर्थन में खुलकर उतरा पाकिस्तानी पत्रकार, कहा- अगर बयान झूठ है तो...

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

भारतीय जनता पार्टी की निष्कासित नेता नूपुर शर्मा की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। पैगंबर मोहम्मद पर दिए विवादित बयान को लेकर अब अरब और इस्लामिक देश भी खुलकर निंदा कर रहे हैं। नूपुर शर्मा की निंदा कर रहे लोगों के बीच कुछ ऐसे भी है जो उनका समर्थन कर रहे है। इसी बीच पाकिस्तान के एक पत्रकार ने नूपुर शर्मा के बयान का समर्थन कर डाला है। पाकिस्तान के पत्रकार ने नूपुर शर्मा के समर्थन में एक ट्विट पोस्ट किया है जो अब सोशल मीडिया पर भी काफी तेजी से शेयर और वायरल हो रहा है। पाकिस्तान के पत्रकार का नाम तहा सिद्दीकी है और उन्होंने एक ट्विट किया है कि '9 साल की उम्र में आयशा के मोहम्मद से शादी करने को लेकर 'सत्यापित' हदीसों का हवाला देने के लिए मुस्लिम नेताओं को बीजेपी और नूपुर शर्मा पर हमला करने के बजाय, अगर यह सच नहीं है तो, साथ मिलकर इसे बुखारी से मिटा देना चाहिए ताकि कोई भी मोहम्मद पर बाल विवाह का आरोप या मजाक न उड़ा सके।'

### पाकिस्तान में हो रहा बयान का जमकर विरोध

अरब देशों जैसे कतर, कुवैत, पाकिस्तान इंडोनेशिया समेत 10 से ज्यादा मुस्लिम देशों ने पैगंबर पर की गई टिप्पणी की आलोचना की थी। इसी बीच अब पाकिस्तान ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए भारतीय उच्चायोग के प्रभारी को तलब किया। वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने नूपुर शर्मा के विवादित बयानों पर कहा कि इस तरह के अपमानजनक और निंदनीय बयानों ने पूरी दुनिया में मुसलमानों की भावनाओं को आहत किया है। बिलावल ने कहा कि यह सबूत है कि भारत एक फासीवादी देश बन चुका है। अब वह सेक्युलर इंडिया नहीं है, उस पर हिंदुत्व की विचारधारा हावी है।

### पाकिस्तान के पत्रकार का नूपुर शर्मा का समर्थन

जहां अरब देश जमकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है वहीं पाकिस्तान के पत्रकार ने नूपुर शर्मा का समर्थन किया है। इसको लेकर पाकिस्तान के सोशल मीडिया यूजर्स पत्रकार तहा सिद्दीकी के बयान पर भड़क गए हैं। गुस्से में लोगों ने उन्हें अल्लाह से डरने के लिए कहा तो कुछ यूजर्स ने उन्हें कुरान और हदीस को अच्छी तरह पढ़ने की सलाह दे डाली है। एक यूजर ने कहा कि आपको पैगंबर मोहम्मद के बारे में जानना चाहिए।सिद्दीकी के ट्वीट पर




भड़के लोगों ने कहा कि पैगंबर की सच्चाई को दुनिया के सामने आना चाहिए। जानकारी के लिए बता दें कि नूपुर शर्मा का समर्थन करने वाले केवल पाकिस्तान के पत्रकार ही नहीं बल्कि नीदरलैंड के सांसद ने भी उनका खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने कहा नूपुर के समर्थन में कहा था कि यह बहुत हास्यास्पद है कि अरब और इस्लामिक देश भारतीय नेता नुपूर शर्मा के पैगंबर के बारे में सच बताने पर भड़के हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत क्यों माफी मांगे ? उन्होंने भारतीयों को सलाह दी कि वे नुपूर शर्मा का बचाव करें। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण कभी काम नहीं करता है। यह चीजों और ज्यादा खराब कर देता है।

## विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों की सूची में पांच भारतीय स्कूल शामिल

लंदन। ब्रिटेन में पहली बार दिए जा रहे 'वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल' (विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल) पुरस्कारों की बृहस्पतिवार को जारी शीर्ष 10 की सूची में पांच भारतीय स्कूलों को शामिल किया गया है। समाज की प्रगति के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए ब्रिटेन में ढाई लाख डॉलर के इन पुरस्कारों की घोषणा की गई है। मुंबई स्थित एसकेवीएम के सीएनएम स्कूल और नयी दिल्ली के लाजपत नगर-3 के एसडीएमसी प्राथमिक स्कूल को 'वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइज फॉर इनोवेशन' श्रेणी के शीर्ष 10 की सूची के लिए चयनित किया गया है। इसके अलावा 'कम्युनिटी कोलैबोरेशन' (सामुदायिक सहयोग) श्रेणी के शीर्ष 10 की सूची में मुंबई के खोज स्कूल और पुणे के बोपखेल में स्थित पीसीएमसी इंग्लिश मीडियम स्कूल को शामिल किया गया है। हावड़ा के समारितन मिशन स्कूल (हाई) को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों की सूची में 'ओवरकमिंग एडवर्सिटी' श्रेणी की सूची में जगह मिली है। टी4 एजुकेशन और 'वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल' पुरस्कार के संस्थापक विकास पोटा ने कहा, ''कोविड के कारण स्कूल और विश्वविद्यालयों के बंद होने से डेढ़ अरब से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए। संयुक्त राष्ट्र ने महामारी से पहले ही चेतावनी दी थी कि वैश्विक शिक्षा संकट गहरा सकता है क्योंकि 2030 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में पहले से ही विलंब हो रहा था।' उन्होंने कहा, ''हमने व्यवस्थागत बदलाव लाने के उद्देश्य से जमीनी स्तर पर समाधान निकालने के लिए वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत की है। छात्रों के जीवन में परिवर्तन लाने और प्रेरणा देने वाले स्कूलों की कहानी बताकर शिक्षा में बदलाव लाया जा सकता है।'' ब्रिटेन स्थित डिजिटल मीडिया मंच टी4 एजुकेशन द्वारा वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत की गई है। संबंधित श्रेणियों में अंतिम विजेताओं की घोषणा इस साल अक्टूबर में की जाएगी। पांच पुरस्कार विजेताओं के बीच ढाई लाख डॉलर का पुरस्कार बराबर बांटा जाएगा और प्रत्येक विजेता को 50 हजार डॉलर का पुरस्कार मिलेगा।

## झारखंड: गांव के लोगों का भड़का गुस्सा, दो बलात्कारियों को जिंदा जलाया

गुमला (झारखंड)। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 90 किलोमीटर दूर गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित बसुआ गांव में बुधवार रात क्रुद्ध ग्रामीणों ने एक युवती के साथ बलात्कार के आरोपियों –सुनील उरांव व आशीष उरांव– को उनकी बाइक सहित कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में से एक की अस्पताल में मौत हो गयी, जबकि दूसरा मौत से संघर्ष कर रहा है। गुमला के पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि सदर थाना क्षेत्र में बुधवार की रात दो युवकों ने कथित तौर पर एक 18–वर्षीया युवती के साथ बलात्कार किया, जिसकी सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने दोनों आरोपी युवकों को रात में धर दबोचा। एसपी ने बताया कि ग्रामीण आरोपी युवकों को उनके मोटरसाइकिल समेत पीड़िता के गांव लेकर आए और वहां मोटरसाइकिल समेत दोनों को जिंदा आग के हवाले कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गये। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौक़े पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को वहां से किसी तरह निकाला और उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़िता को भी चिकित्सिकीय जांच के लिए अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि बाद में हालत बिगड़ने पर दोनों आरोपियों को बेहतर इलाज के लिए रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती कराया गया, जहां सुनील उरांव की आज मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दूसरा आरोपी आशीष उरांव भी बुरी तरह जख्मी है और जीवन एवं मौत के बीच झूल रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़िता और दोनों आरोपी बसुआ गांव की ही रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि जिन ग्रामीणों ने आरोपी युवकों के साथ मारपीट की और उन्हें जलाने का प्रयास किया है, उनके विरुद्ध भी मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि किसी भी व्यक्ति को क़ानून अपने हाथ में लेने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद पुलिस गांव में कैंप कर रही है और ग्रामीणों के साथ बातचीत कर उत्पन्न तनाव को समाप्त करने का प्रयास कर रही है।

## इस्लाम को लेकर आपत्तिजनक बयान देने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन हो

### –दारुल उलूम देवबंद प्रमुख की पीएम मोदी से मांग

सहारनपुर । भारत के सबसे बड़े इस्लामिक मदरसों में से एक दारुल उलूम देवबंद ने देश में 'नफरत' फैलाने के लिए इस्लाम को लेकर आपत्तिजनक बयान देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दारुल उलूम के कुलपति मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा है, मैं हमारे प्यारे पैगंबर पर अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा करता हूं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी भी धर्म के मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को भड़काया नहीं जा सकता। पैगंबर का अपमान भारत या विदेशों में मुसलमानों द्वारा बर्दाश्त नहीं होगा। नोमानी ने मोदी सरकार से मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों को निशाना बनाने वाले मामलों से निपटने के लिए कानून बनाने का आग्रह किया। नोमानी ने कहा, ÷भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां के लोग सदियों से एक साथ रह रहे हैं। ये सांप्रदायिक और चरमपंथी तत्व न केवल देश के सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि देश के धर्मनिरपेक्ष ताने–बाने और लोकाचार को भी बिगाड़ रहे हैं।

## कर्नाटक में पाठ्यपुस्तक विवाद को लेकर सियासत, कांग्रेस का प्रदर्शन

बेंगलुरू । कर्नाटक में पाठ्यपुस्तक विवाद को लेकर सियासत गर्म है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने पाठ्य पुस्तकों में संशोधन के मुद्दे को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। दरअसल, कांग्रेस ने प्रदेश की पाठ्यपुस्तकों में बसवेश्वर सहित अन्य ऐतिहासिक और प्रख्यात साहित्यकारों के कार्यों को हटाने या उसमें बदलाव कर उनका अपमान करने का आरोप लगाया है। इस बीच सिद्धारमैया ने सड़कों पर उतरने की चेतावनी देकर कहा कि पाठ्यपुस्तक को रोहित चक्रतीर्थ (पाठ्यपुस्तक संशोधन समिति के प्रमुख) द्वारा संशोधित किया गया है, जो एक रूढ़िवादी आरएसएस व्यक्ति है। मुझे उम्मीद है कि सरकार इस संशोधित करने पर विचार करेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ, तब हम सड़कों पर उतरने वाले हैं। इससे पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा था कि पाठ्यपुस्तकों में किए जा रहे बदलाव का विरोध करने वाले लोगों के समर्थन में हमारे विधायक और सांसद गांधी प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन देने वाले हैं। पाठ्यपुस्तकों की सामग्री हमारे ऐतिहासिक नायकों का अपमान है। हालांकि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने स्पष्ट कर दिया था कि सरकार हेडगेवार पर अध्याय को पाठ्यपुस्तकों से नहीं हटाएगी।

## नवाब मलिक और अनिल देशमुख को झटका

मुंबई । नवाब मलिक और अनिल देशमुख को कोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने राज्यसभा चुनाव में वोंटिंग की इजाजत नहीं दी। कोर्ट ने दोनों नेताओं की याचिका खारिज कर दी। मुंबई की एक विशेष अदालत ने 10 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोट डालने के वास्ते एक दिन की राहत मांग रहे महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख और मंत्री नवाब मलिक की जमानत अर्जियों पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देशमुख और मलिक की अर्जियों का यह कहते हुए विरोध किया कि जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत कैदियों का कोई मताधिकार नहीं होता है। राकांपा के दोनों वरिष्ठ नेता देशमुख और मलिक धनशोधन के अलग–अलग मामलों में फिलहाल जेल में बंद हैं। दोनों ने अस्थायी जमानत की मांग करते हुए पिछले सप्ताह विशेष न्यायाधीश आर एन रोकड़े के सामने आवेदन दिये थे। बुधवार को सभी पक्षों ने इस जमानत अर्जी के पक्ष एवं विपक्ष में अपनी दलीलें पूरी कीं। ईडी ने कहा था कि जमानत आवेदन खारिज कर दिये जाने के लायक है। देशमुख को ईडी ने नवंबर, 2021 में गिरफ्तार किया था। उनके आवेदन में कहा गया है, '' मौजूदा विधायक होने के नाते आवेदक (देशमुख) राज्यसभा के सदस्य के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल का सदस्य है। आवेदक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने एवं अपना वोट डालने को इच्छुक है।'' ईडी ने विशेष अदालत से कहा था कि देशमुख उनके विरूद्ध दर्ज धनशोधन मामले में मुख्य आरोपी हैं और नवंबर में गिरफ्तार किये जाने के बाद वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उसने कहा, '' इसके अलावा, यह दीगर है कि जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत कैदियों को मतदान करने का अधिकार नहीं होता है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीरी पंडितों ने वार्षिक खीर भवानी मेले में पूजा अर्चना की

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में इस बार वार्षिक खीर भवानी मेले में कड़ी सुरक्षा के बीच सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने गांदेरबल में प्रसिद्ध राज्ञा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना की। हम आपको बता दें कि कोविड–19 महामारी के चलते दो सालों के अंतराल के बाद इस बार मेले का आयोजन किया गया। कश्मीर घाटी में हालिया टार्गेट किलिंग की घटनाओं को चलते इस बार पहले की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। हम आपको बता दें कि खीर भवानी मंदिर मध्य कश्मीर में गांदेरबल जिले के तुलमुल गांव में चिनार के पेड़ों के बीच स्थित है। यहां कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र से कश्मीरी पंडितों के साथ–साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नंगे पांव श्रद्धालु गुलाब की पंखुड़ियां लेकर मंदिर पहुंचते हैं तथा उन्हें राज्ञा देवी को चढ़ाते हैं। मंदिर परिसर में मंत्रोच्चारण चलता रहता है। श्रद्धालु दूध और खीर भी चढ़ाते हैं। ऐसा माना जाता है कि मंदिर के नीचे बहने वाले पवित्र झरने का रंग घाटी की स्थिति का संकेत देता है। अधिकांश रंगों का कोई विशेष महत्व नहीं है, लेकिन पानी का काला या गहरा रंग कश्मीर के लिए अशुभ समय का संकेत माना जाता है।

# वियतनाम के लिए बड़ी सौगात, भारत ने सौंपी तेज गति वाली 12 तटरक्षक नौकाएं

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को वियतनाम को 12 तेज गति वाली तटरक्षक नौकाएं सौंपी। इन नौकाओं का निर्माण भारत द्वारा वियतनाम को दी गई 10 करोड़ डॉलर की ऋण सहायता के तहत किया गया है। राजनाथ ने अपने वियतनाम दौरे के दूसरे दिन होंग हा पोत पर आयोजित एक समारोह में यह अत्याधुनिक तटरक्षक नौकाएं(हाई-स्पीड गार्ड बोट) सौंपी। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर कहा, 'भारत द्वारा 10 करोड़ अमेरिकी डालर की रक्षा ऋण सहायता के तहत 12 अत्याधुनिक तटरक्षक नौकाओं के निर्माण की परियोजना के सफल समापन के अवसर पर इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।'



शुरुआती पांच नौकाओं का निर्माण भारत में एलएंडटी शिपयार्ड में किया गया था जबकि शेष सात को हांग हा शिपयार्ड में बनाया गया था। सिंह ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि यह सहयोग भारत और वियतनाम के बीच कई और सहकारी रक्षा परियोजनाओं का अग्रदूत साबित होगा।' उन्होंने कहा, ÷यह परियोजना हमारे 'मेक इन इंडिया - मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन का एक जीता-जागता उदाहरण है।' रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को बहुत खुशी होगी अगर वियतनाम जैसे करीबी दोस्त रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में शामिल हों। इससे पहले बुधवार को भारत और वियतनाम ने 2030 तक रक्षा संबंधों के ''दायरे'' को और व्यापक बनाने के लिए एक 'विज़न' दस्तावेज़ और दोनों देशों की सेनाओं को एक-दूसरे के प्रतिष्ठानों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के वास्ते 'लॉजिस्टिक सपोर्ट' (समान और सेवाओं की आवाजाही को साझा समर्थन) समझौते पर हस्ताक्षर किए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम के अपने समकक्ष जनरल फान वान गियांग के साथ मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनने के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच दोनों देश के मध्य सामरिक संबंध में इस प्रगति को अहम माना जा रहा है। यह पहला ऐसा बड़ा समझौता है, जो वियतनाम ने किसी देश के साथ किया है। इस समझौते से दोनों देशों की सेना एक-दूसरे के प्रतिष्ठानों का इस्तेमाल मरम्मत कार्य के लिएतथा आपूर्ति संबंधी कार्य के लिए कर पाएगी।

## मुझे उद्धव की चुनौती मंजूर कश्मीर जाकर पढ़ूंगी हनुमान चालीसा

**नई दिल्ली।** हनुमान चालीसा विवाद मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की कश्मीर जाकर हनुमान चालीसा पढ़ने की चुनौती को अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने स्वीकार किया है। नवनीत राणा ने चुनौती को स्वाकार करते हुए कहा कि, ÷कश्मीर भारत का अंग है और अगर सीएम उद्धव ये समझते हैं कि वहां हनुमान चालीसा का पाठ करना मुश्किल है तो मैं जरूर जाऊंगी और पाठ करूंगी।÷ सीएम उद्धव ठाकरे पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सीएम ने कल औरंगाबाद में सभा को संबोधित किया। इस संबोधन में जहां उन्हें सीएम होने के नाते औरंगाबाद की जनता की परेशानियों पर बात करनी चाहिए थी वो वहां मुझे कश्मीर जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने की चुनौती दे रहे थे। उन्होंने कहा कि, इस सभा में उन्होंने औरंगाबाद की समस्याओं को लेकर बात नहीं की। नवनीत ने आगे कहा कि, उद्धव कहते हैं कि मंदिर में जाना जरूरी नहीं है। हनुमान चालीसा पढ़ना जरूरी नहीं है। तो आप कैसे कहते हैं कि आप 'हिंदुत्व' को दर्शाते हैं। नवनीत ने कहा कि औरंगाबाद की जनता पानी के लिए परेशान है सीएम ने इसको लेकर कल सभा में कोई जिक्र नहीं किया। वहीं, कश्मीर में टारगेट किलिंग और कश्मीरी पंडितों पर बात करते हुए नवनीत राणा ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह देश की जनता के साथ हैं। देश की सुरक्षा और लोगों की सुरक्षा के लिए ये सरकार हर कदम उठाएगी और देश की जनता को इस बात का भरोसा है और उनके साथ खड़ी रहेगी।

# अलकायदा की धमकी पर बोले शिवसेना, देश में कुछ होता है तो उसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी

**काबुल (एजेंसी)।**

नयी दिल्ली। भाजपा से सस्पेंड हो चुकीं नुपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर घमासान मचा हुआ है। ऐसे में आतंकी संगठन अलकायदा ने भी नुपुर शर्मा को लेकर भारत को धमकी दी है। जिसमें अलकायदा ने कहा कि वह गुजरात, उत्तर प्रदेश, बॉम्बे और दिल्ली में आत्मघाती हमले के लिए तैयार है। इसी बीच अलकायदा की धमकी को लेकर शिवसेना ने भाजपा की आलोचना की है।



### भाजपा होगी जिम्मेदार

शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि अगर देश में कुछ भी होता है तो उसकी जिम्मेदार भाजपा होगी। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि देश में सब ठिक था लेकिन भाजपा के प्रवक्ता दो धर्मों में झगड़े लगाना चाहती है। अगर इस देश में कुछ होता है तो उसकी जम्मिेदार भाजपा है... हम लोग अपना काम करेंगे लेकिन जिनकी वजह से यह सब हो रहा है वह कब संज्ञान लेंगे ?

### अलकायदा की चेतावनी

अलकायदा ने धमकी दी कि हम पैगंबर मोहम्मद के अपमान का बदला लेंगे। हम दूसरों को इस लड़ाई में शामिल होने के लिए भी कहेंगे। हम उन लोगों की खत्म कर देंगे जिन्होंने पैगंबर मोहम्मद का अपमान किया। हम आत्मघाती हमला करेंगे। दरअसल, अलकायदा ने नुपुर शर्मा की टिप्पणी को लेकर गुजरात, उत्तर प्रदेश, बॉम्बे और दिल्ली में आत्मघाती हमला करने के धमकी दी है। आतंकी संगठन ने कहा कि वह इसके लिए तैयार है।

### महबूबा ने की धमकी की निंदा

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने अलकायदा की धमकी की निंदा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चाहे अलकायदा की धमकी हो या किसी अन्य संगठन की, मैं हर तरह की धमकी की निंदा करती हूं। लेकिन यह सच है कि भाजपा प्रवक्ता की टिप्पणी के कारण पूरे मुसलमान समुदाय में नाराजगी है। वे (मुसलमान) आहत हैं, हम कुछ भी बर्दाश्त कर सकते हैं, लेकिन पैगंबर मोहम्मद के बारे में कोई अनुपयुक्त टिप्पणी नहीं बर्दाश्त कर सकते हैं।

## राज्यसभा चुनाव- सिद्धारमैया का छ्ष्टर विधायकों को पत्र, क्ष्छ्क्कको हराने के लिए कांग्रेस को दें वोट

**बेंगलुरु (एजेंसी)।**



15 राज्यों की 57 सीटों पर 10 जून को वोटिंग होनी है। नतीजे भी उसी दिन मिल जाएंगे। वैसे तो राज्यसभा चुनाव आंकड़ों का खेल है, जिसके विधायकों की संख्या ज्यादा उसके उम्मीदवारों के विजेता होने की संभावनाएं उतनी ही प्रबल होती है। लेकिन हॉर्स ट्रेडिंग और पार्टी में फूट का असर भी इस चुनाव के परिणामों पर खासा असर डालता आया है। पिछले हफ्ते 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक की चार सीटों पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। कर्नाटक में जेडीएस ने कांग्रेस विधायकों से दूसरी वरीयता में एक दूसरे के उम्मीदवारों को समर्थन देने की अपील की है। कर्नाटक के पूर्व सीएम और सीएलपी नेता सिद्धारमैया ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मंसूर अली खान का समर्थन करने के लिए जेडीएस विधायकों को पत्र लिखा है। दरअसल, कर्नाटक में चार सीटों पर राज्यसभा चुनाव है। यहां दो सीटों पर बीजेपी और एक सीट पर कांग्रेस जीतती दिख रही है। चौथी सीट के लिए बीजेपी, कांग्रेस और जेडीएस तीनों ने उम्मीदवार उतारे हैं।

### कर्नाटक में भी मुकाबला दिलचस्प

कर्नाटक में चार राज्यसभा सीटों के लिए वोटिंग होगी। यहीं से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दूसरे कार्यकाल के लिए जबकि अभिनेता से राजनेता बने जगेश राज्यसभा के नामांकन किया है। इसके साथ ही बीजेपी ने तीसरे उम्मीदवार के तौर पर निर्वतमान एमएलसी लहर सिंह सिकोया को उतारा है। जनता दल सेक्युलर से डी कुपेंद्र रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश और कर्नाटक प्रदेश महासचिव मंसूर अली खान को उम्मीदवार बनाया है।

## महापंचायत में शामिल होने पहुंचे राकेश टिकैत, कार्यकर्ताओं ने स्वागत के लिए जाम किया यमुना एक्सप्रेसवे, सड़क पर ही बांटा दूध और छाछ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

यमुना एक्सप्रेस वे पर राकेश टिकैत का जबरदस्त स्वागत किया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेस-वे पर लंबा जाम लग गया है। कार्यकर्ताओं ने एक्सप्रेस वे के बीचों बीच स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने सड़क पर ही दूध और छाछ बांटा। ज्यादा मुआवजे की मांग को लेकर किसान जेवर के पास प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हीं को समर्थन देने के लिए टिकैत ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। टिकैत के वहां पहुंचने से एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया है।

बता दें कि ग्रेटर नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आज किसानों की महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। किसान अपनी मांगों को लेकर महापंचायत कर रहे हैं। इस महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत भी शामिल होंगे। किसानों की मांग है कि एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाए। इस महापंचायत में किसानों की मांगों को लेकर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। महापंचायत का आयोजन किसानों को जागरूक करने और किसानों की जमीन के बदले ज्यादा मुआवजा मांगने के लिए किया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले भारतीय किसान यूनियन की तरफ से यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें तीन शर्त रखी गई थी। किसान संगठन का कहना था कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं होने देंगे।

# महंगाई को लेकर राहुल का मोदी सरकार पर निशाना, बोले- न तो देश से वफादारी निभाई और ना ही जनता से

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।**

महंगाई को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से केंद्र की मोदी सरकार को घेरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने न तो देश से वफादारी निभाई और ना ही जनता से। एक फेसबुक पोस्ट के जरिए राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर महंगाई को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि वफ़ादारी और अदाकारी में फर्क है। मोदी सरकार ने न तो देश से वफ़ादारी निभाई, न ही जनता से। मैं बात कर रहा हूं महंगाई की। अगर आपको लग रहा है कि महंगाई आगे चल कर कम हो जाएगी, तो आप ग़लतफहमी में हैं। आने वाले दिनों में मोदी सरकार के नए प्रहार के लिए तैयार हो जाइए।

इतना ही नहीं, मोदी सरकार पर हमला जारी रखते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि आरबीआई ने रेपो रेट में 0.5 प्रतिशत का इज़ाफ़ा किया है, जो अब बढ़कर 4.9 प्रतिशत हो गया है।



आरबीआई के अनुसार 2022-23 में महंगाई और ज़्यादा बढ़ने वाली है, वहीं खुदरा महंगाई 6.7 प्रतिशत रहने वाली है। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने आम जनता पर महंगाई का ऐसा बोझ डाला है कि अब लोगों के बर्दाश्त से बाहर हो रहा है। होम, ऑटो, पर्सनल लोन और मासिक किस्त महंगी होंगी। आपको बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बढ़ती महंगाई को काबू में लाने के लिये बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.9 प्रतिशत कर दिया था। पांच सप्ताह में दूसरी बढ़ी रेपो दर से आवास, वाहन और अन्य कर्ज की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ेगी।

इससे पहले, चार मई को आरबीआई ने बिना किसी तय कार्यक्रम के अचानक रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि की थी। इसके साथ ही कोरोना महामारी के दौरान अपनाये गये उदार रुख को छोड़ा गया है। इसका मतलब है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये नीतिगत दर में और वृद्धि की जा सकती है। आरबीआई ने महंगाई के 2022-23 की पहली तीन तिमाहियों में छह प्रतिशत से ऊपर रहने की आशंका को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिये मुद्रास्फीति अनुमान को 5.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को एक निश्चित दायरे में रखने के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है, यदि यह लगातार तीन तिमाहियों तक उससे ऊपर (छह प्रतिशत) रहती है तो केंद्रीय बैंक को लिखित में सरकार को यह बताना होगा कि वह मुद्रास्फीति को तय लक्ष्य के अनुसार काबू में क्यों नहीं रख पाया।

# मौसम विभाग का अनुमान, लू और गर्मी से 11 जून से थोड़ी राहत मिलेगी

### देश के कई इलाकों में 15 जून तक पहुंचेगा मानसून

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।**

उत्तर भारत में पहाड़ों से लेकर मैदानों तक और मध्य भारत में लू से बुरा हाल है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 11 जून से थोड़ी राहत मिलेगी। पूरी राहत के लिए मानसून की झमाझम का इंतजार करना पड़ेगा। वैसे 29 मई को ही केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है, लेकिन देश के अन्य हिस्सों में मानसून का कोई अता-पता नहीं है। इस बीच मौसम विभाग ने एक अच्छी खबर दी है। आईएमडी मुताबिक 15 जून से देश के मध्य और उत्तर के मैदानी इलाकों में मानसून की रफ्तार में तेजी आने की संभावना है।

मौसम विभाग के महानिदेशक ने देश के मध्यवर्ती और उत्तरी मैदानी इलाकों में भी वर्षा होने की संभावना है। भारत में वार्षिक वर्षा की करीब 70 प्रतिशत मानसून के मौसम में होती है और इसे देश की कृषि आधारित आर्थिकी के लिए बेहद अहम माना जाता है। इस साल मानसून अपने सामान्य समय से दो दिन पहले 29 मई को केरल पहुंचा था। हालांकि एक जून से वर्षा औसत से 42 प्रतिशत कम रही है। महापात्र ने कहा, फिर भी दक्षिणी, पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में सामान्य और सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, असम, दक्षिण बंगाल, मेघालय, सिक्किम और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। इस दौर में मानसून की प्रगति खासकर मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में, कई फसलों की रोपाई के लिए बेहद अहम है।

उधर, देश को तर करने और प्यास बुझाने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून धीमे धीमे बढ़ रहा है। यह बीते 6 दिनों से स्थिर था। अभी यह कोंकण से कुछ दूर है। अगले दो दिनों में यह मुंबई पहुंच सकता है। इसके असर से महाराष्ट्र के कई हिस्सों को भीगएगा और इसका वेग बढ़ा तब मप्र, गुजरात के कुछ हिस्सों को भी तर कर देगा। वहीं निजी मौसम एजेंसी के मुताबिक इस बार भी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में मानसून प्रचलित तारिख 27 जून के आसपास पहुंचने की संभावना है। ऐसी कोई प्रणाली नहीं है, जो इसकी प्रगति को बाधित कर सकेगी। वैसे एक या दो सप्ताह में स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। पिछले साल भी मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि मानसून अपने सामान्य तिथि से करीब 2 हफ्ते पहले दिल्ली पहुंच जाएगा, लेकिन यह 13 जुलाई को राजधानी पहुंचा, जो 19 साल में सबसे अधिक विलंब अवधि थी।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक यूपी में मानसून 15 जून तक दस्तक दे सकता है, लेकिन दक्षिण-पश्चिम मानसून धीमी गति के कारण 2-3 दिन विलंब हो सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जून के अंतिम सप्ताह में ही मानसून पश्चिमी यूपी तक पहुंचने के आसार हैं। इसी के बाद गर्मी से राहत मिलेगी। कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.यूपी शाही का कहना है कि पश्चिमी यूपी में मानसून 25 से 30 जून के बीच दस्तक देगा। अभी बिहार के लोगों को मानसून के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि मानसून की स्थिति कुछ सुस्त पड़ी है। अभी ये सिलीगुड़ी में सक्रिय है। ऐसी संभावना है कि बिहार में 12 जून के बाद मानसून की एंट्री हो सकती है। इसकी वजह से पूर्वी और उत्तरी बिहार के कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव हो सकता है। किशनगंज और अररिया में बारिश के हालात बन सकते हैं।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# राष्ट्र के बहुआयामी विकास में सार्वजनिक उपक्रमों का है अमूल्य योगदान : निर्मला सीतारमन

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

अहमदाबाद, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने कहा कि राष्ट्र के बहुआयामी विकास में सार्वजनिक उपक्रमों का अमूल्य योगदान है। भारत संस्थानवादी शासन से स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष मना मना रहा है। ऐसे में पिछले 75 वर्षों में राष्ट्र के विकास में सेवारत सार्वजनिक उपक्रमों की प्रगति दर्शाने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। आज़ादी के अमृत महोत्सव के ये 75 सप्ताह ही वह उचित समय है, जिसमें सभी संस्थानों को देश के विकास में दिए गए योगदान को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। केन्द्रीय मंत्री




निर्मला सीतारमन 'राष्ट्र निर्माण में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (CPSE) के योगदान' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रदर्शनी के उदघाटन के अवसर पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों की शुरुआत इस बहुत ही स्पष्ट समझ के साथ की गई थी कि ये उपक्रम दीर्घावधि के निवेश के साथ ढाँचागत विकास में योगदान दें, परंतु उस समय औपनिवेशिक शासन से बाहर आए नए देश के लिए सरकार के स्वयं के निवेश व क्षमताओं का निर्माण न करने तक दीर्घावधि की परियोजनाएँ संभव नहीं थीं। 1947 से सार्वजनिक उपक्रमों की यात्रा शुरू हुई और ये उपक्रम आज तक भारतीय अर्थव्यवस्था को ऊँचा लाने में निरंतर अपना योगदान देते रहे हैं। वैश्वीकरण, उदारीकरण तथा निजीकरण के परिणामस्वरूप देश के उद्यमियों को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का उत्तम अवसर मिला था। गुजरात ऐसे ही उद्यमियों तथा उपक्रमों की भूमि है, जो भारत की विशेषता है।

# मुख्यमंत्री चार शहरों में 109.59 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों को दी सैद्धांतिक मंजूरी दी

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गांधीनगर,मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य की दो महानगर पालिकाओं तथा दो नगर पालिकाओं सहित चार शहरों में स्वर्णिम जंयती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के अंतर्गत 109.59 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास के कार्यों के लिए एक ही दिन में सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। इसके अलावा उन्होंने जामनगर महानगर पालिका में वर्ष 2021-22 के लिए भौतिक बुनियादी ढाँचा के कार्यों के अंतर्गत सड़कों, पुल, स्कूल-कॉलेज इमारत तथा स्लम इलाकों के कुल 33 कार्यों के लिए 71.59 करोड़ रुपए के कार्य शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है।

'स्वर्णिम जंयती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना' में नगरों-महानगरों में जनकल्याणकारी कार्यों के अलावा निजी सोसायटी जनभागीदारी योजना से संबंधित कार्यों, शहरी सड़क के कार्य जैसे बहुविद् विकास कार्य शुरू किए जाते हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस संदर्भ में जूनागढ़ महानगर पालिका में मुख्यमंत्री शहरी सड़क योजना के 8 कार्यों के लिए 3.22 करोड़ रुपए की ग्रांट आवंटित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है।

# अधीक्षक व उनके पुत्र की गिरफ्तारी

## 22.58 लाख रूपये की आय से अधिक संपत्ति में तत्कालीन नगर सर्वेक्षण

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

नगर सर्वेक्षण अधीक्षक सूरत-2 में ड्यूटी पर तैनात तत्कालीन जिला निरीक्षक (भू-अभिलेख) विट्ठल डोबरिया की आय से अधिक संपत्ति के संबंध में एसीबी में आवेदन दर्ज किया गया था। इस आवेदन के संबंध में विट्ठल डोबरिया की कानूनी आय 59.94 प्रतिशत बढ़ाकर रु 22.58 लाख रूपये की आय से अधिक संपत्ति पाई गई। एसीबी ने सेवानिवृत्त अधिकारी विट्ठल डोबरिया (63) और उनके बेटे विपुल डोबरिया (दोनों शुभम हाइट्स, एसटी डिपो, केशोद के पास) के खिलाफ मामला दर्ज किया है।





एसीबी स्टाफ ने बताया कि विट्ठल डोबरिया 14 नवंबर से 17 मार्च तक सूरत में सिटी सर्वे सुपरिटेंडेंट सूरत-2 में ड्यूटी पर थे.

साल 2019 में एक बड़े वराछा बिल्डर ने विट्ठल और उसके बेटे विपुल समेत 4 के खिलाफ उमरा पुलिस में केस दर्ज कराया था. जिसमें बिल्डर के पास 12 प्लाट के दस्तावेज थे लेकिन विट्ठल ने पुलिस में अर्जी दी थी कि मूल दस्तावेज गायब हैं. गुम हुए दस्तावेजों का प्रमाण पत्र प्राप्त किया, मूल्यवान भूमि प्राप्त की और एक वित्त कंपनी से एक बड़ा ऋण प्राप्त किया।

# यह विभाग के द्वारा किया गया डिमोलिशन हैं या सेटिंग.com

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

SUDA की महेरबानी या लापरवाही से इस कार्यपर नजरअंदाज करते हुए अधिकारीगण अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर विभाग के कोष को हानि पहुचने संबंधित कार्यवाही भारतीय दंड सहित के अनुसार विभाग के उच्च अधिकारीगण को करना चाहिए. जिससे भष्टाचार की इस दलदल में कार्यालय में कुछ लगाम लगा सके.



# पीएम मोदी आज गुजरात में, राज्य को देंगे 3054 करोड़ की विभिन्न योजनाओं की सौगात

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी गुजरात में रु 3054 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। शुक्रवार की सुबह 10.15 बजे पीएम मोदी नवसारी जिले के खुडवेल में गुजरात गौरव अभियान के दौरान 3,054 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों के अंतर्गत 7 योजनाओं का लोकार्पण, 12 योजनाओं का शिलान्यास तथा 14 योजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। आदिजाति क्षेत्र के नागरिक पीने के पानी के लिए मानव बल के उपयोग से पाताल से पानी सींचते आए हैं, परंतु पीने के पानी की उनकी स्थायी समस्या दूर करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी शुक्रवार को मधुबन बांध आधारित 586.16 करोड़ रुपए की एस्टोल समूह जलापूर्ति योजना का लोकार्पण करेंगे। इस योजना के लोकार्पित होते ही वलसाड ज़िले में धरमपुर तथा कपराडा के 174 गाँवों के 1,028 क़स्बों के लगभग 8.13 लाख नागरिकों को पीने का पानी मिलने लगेगा।




